

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 197

ग्वालियर, सोमवार, 6 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## वन-टू-वन

### 9 और 10 सितंबर को जम्मू जाएंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी फिर से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार राहुल गांधी 9 और 10 सितंबर को जम्मू जाएंगे। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष माता वैष्णों देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना करने वाले है। बता दें कि, इसके पहले राहुल नौ और 10 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गए थे। श्रीनगर में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के पार्टी मुख्यालय का उद्घाटन भी किया था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद केंद्र शासित प्रदेश का उनका यह पहला दौरा था। इस दौरान उन्होंने गांदरबल में कश्मीरी पंडितों के आस्था के केंद्र खीर भवानी मंदिर के साथ हजरतल दरगाह पर सजदा किया था। राज्य कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर ने राहुल गांधी, अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के लिए डिनर पार्टी का आयोजन किया था।

### केंद्र बोला- अब तक राज्यों को कोरोनारोधी टीके की 66.89 करोड़ खुराक मुहैया कराई

**नई दिल्ली (ए)।** कोरोना महामारी से बचाव के लिए देश में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार की ओर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 66.89 करोड़ से अधिक खुराक मुहैया कराई गई हैं। इसके अलावा 1.56 करोड़ से ज्यादा खुराक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। मंत्रालय ने बताया कि अब भी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास टीके की 4.37 करोड़ से ज्यादा खुराक उपलब्ध है, जिनका इस्तेमाल किया जाना है। मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि टीके की खुराक की उपलब्धता बढ़ने से टीकाकरण की गति बढ़ेगी और टीके की उपलब्धता संबंधी जानकारी पहले ही मुहैया कराने से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीकाकरण की बेहतर योजना बनाने में मदद मिल रही है और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

### पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वी.ओ.चिदंबरम पिल्लई को उनकी जयंती पर याद किया

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वी.ओ.चिदंबरम पिल्लई को उनकी जयंती परयाद किया है। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा की ÷दूरदर्शी वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई को उनकी जयंती पर स्मरण करते हैं। उन्होंने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी योगदान दिया। उन्होंने एक आत्मनिर्भर भारत की भी परिकल्पना की और इसके लिए उन्होंने बंदरगाहों और पोत परिवहन क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रयास किए। वह हमारे लिए विशेष प्रेरणा के स्रोत हैं।

### एक अच्छा शिक्षक व्यक्तित्व-निर्माता, समाज-निर्माता और राष्ट्र-निर्माता होता हैः राष्ट्रपति कोविन्द

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि छात्रों की अंतर्निहित प्रतिभा के संयोजन की प्राथमिक जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है; एक अच्छा शिक्षक व्यक्तित्व-निर्माता, समाज-निर्माता और राष्ट्र-निर्माता होता है। वह शिक्षक दिवस के अवसर पर आज (5 सितंबर, 2021) वर्चुअल पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में देश भर के 44 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी शिक्षकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक, उनके इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य हमारे योग्य शिक्षकों के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षकों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। लोग अपने शिक्षकों को जीवन भर याद करते हैं। जो शिक्षक अपने छात्रों का स्नेह और समर्पण के साथ मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें अपने छात्रों से हमेशा सम्मान मिलता है। राष्ट्रपति ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने छात्रों को एक सुनहरे भविष्य की कल्पना करने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंऔर सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का यह कर्तव्य है कि वे अपने छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करें। संवेदनशील शिक्षक अपने व्यवहार, आचरण और शिक्षण से छात्रों के भविष्य को नया व बेहतर रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि प्रत्येक छात्र की अलग-अलग क्षमता,प्रतिभा, मनोविज्ञान और सामाजिक पृष्ठभूमि होती है। प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी विशेष आवश्यकताओं, रुचियों और क्षमताओं पर जोर दिया जाना चाहिए।

## भावी पीढ़ी निर्माण के केन्द्र आँगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय : श्री पटेल



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भावी पीढ़ी निर्माण के केन्द्र आँगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय होते हैं। जरूरी है कि आँगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका आम बोल-चाल की भाषा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागृति बढ़ाएँ। बच्चों में अच्छी आदतें डालने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करें। राज्यपाल श्री पटेल मध्यप्रदेश बाल-कल्याण परिषद की वर्चुअल बैठक को आज राजभवन से संबोधित कर रहे थे। बैठक में परिषद के उपाध्यगण, पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने परिषद को बालक-बालिकाओं को शौर्य पुरस्कारों से सम्मानित करने की पहल करने के लिए कहा है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों की जरुरत बताई। कहा कि बच्चों में असीम सम्भावनाएँ छुपी होती है। उन्हें निखारने और उचित दिशा-दर्शन की जरुरत है। इस कार्य में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने एक प्रसंग के माध्यम से बताया कि गुजरात के कच्छ इलाके के एक शिक्षक दंपत्ति ने बिना विशेष साधन और संसाधन के विद्यालय के 350 बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के संस्कार डालने के साथ ही पेड़ों से विद्यालय की चाहर दीवारी का निर्माण कर लिया था। उन्होंने बताया कि शिक्षक दंपत्ति ने विद्यालय के बच्चों से स्कूल की सीमा पर एक पौधा लगवा कर कहा कि यह पौधा आपका है। इसकी देखभाल आपकी जिम्मेदारी है। पौधें को पानी देने के लिए उनसे घर में सब्जी धोने के बाद बचें पानी को पात्र में एकत्र कर, उसके द्वारा स्कूल में लगाए गए पौधे में डलवाया। उनके इस कार्य ने स्कूल के चारों ओर हरियाली की दीवार खड़ी कर दी। उन्होंने कहा कि कोविड काल ने ऑक्सीजन और ऑक्सीजन के लिए पेड़ों की महत्ता का सबक दिया है। पेड़ लगाने और उसकी देखभाल के संबंध में जन-जागृति के कार्य व्यापक स्तर किए जाने चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि बच्चों के खराब स्वास्थ्य को नियति मान कर बैठे रहने की प्रवृत्ति उचित नहीं है। उसे बदलने के प्रयास किए जाने चाहिए। बच्चों के खराब स्वास्थ्य का कारण कुपोषण और माता द्वारा स्तनपान नहीं कराया जाना होते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए कुपोषण की समस्या को खत्म करना जरुरी है।

## भारत की शिक्षा व्यवस्था के आदर्श मूल्य और संस्कार के वाहक है शिक्षकः राज्य मंत्री श्री परमार



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षक भारत की शिक्षा व्यवस्था के आदर्श, मूल्य और संस्कार के वाहक हैं। शिक्षक भारत की सनातन परंपरा का पालन करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाने लिखाने तक सीमित न होकर, उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक व्यक्तित्व है। श्री परमार वल्लभ भवन में वर्चुअली ऑनलाइन आयोजित ÷राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह÷ में शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर रहे थे। श्री परमार ने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देते है और इस तरह राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते है। इस नेक योगदान के कारण ही शिक्षक समाज के सबसे ज्यादा सम्मानित सदस्य हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से 27 शिक्षकों का सम्मान करते हुए श्री परमार ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के हर शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े हर अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान है। श्री परमार ने भोपाल जिले की शिक्षिका श्रीमती वंदना पांडे को मंत्रालय में सम्मानित करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों के एनआईसी कक्षा से जुड़े शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25 हज़ार रुपये की सम्मान राशि से सम्मानित किया।

**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक का किया सम्मानः** श्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मंडला जिले के बिछिया विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल मांद के माध्यमिक शिक्षक शक्ति पटेल को सम्मानित किया। श्री परमार ने उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और राज्य शासन की ओर से 11 हज़ार रुपये की सम्मान राशि का चेक भेंट किया।

**आचार्य चाणक्य का अनुसरण कर भारत को बनाये विश्वगुरुः** राज्यमंत्री परमार ने सभी शिक्षकों को आचार्य चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि आचार्य चाणक्य ने देश को संगठित और विदेशी शक्तियों का नाश कर अखंड भारत का निर्माण किया था।

## मंत्री श्री सारंग ने किया 'राजाराम रूपध्वनि कला दीर्घा' का उद्घाटन



**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रख्यात चित्रकार प्रो. राजाराम के सम्मान में राजाराम रूपध्वनि कला दीर्घा का आज भोपाल में उद्घाटन किया। प्रो. राजाराम की याद में उनके विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई दीर्घा में प्रो. राजाराम सहित उनके विद्यार्थियों की कला कृतियाँ प्रदर्शित की गई है। यह दीर्घा एच-8, सूर्या कालोनी, सर्वधर्म सी-सेक्टर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कोलार मार्ग में एक माह तक रोज शाम 3 से 6 बजे तक कला प्रेमियों के लिये खुली रहेंगी।

मंत्री श्री सारंग ने इस मौके पर कहा कि कलाकार से लिये सौभाग्य की बात है कि उनकी याद में उनके विद्यार्थियों द्वारा कला-कृतियाँ लगाई गई है। साथ ही यह और अच्छी बात है कि गुरू और शिष्य की कृतियाँ एक ही दीर्घा में संग्रहित है। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरू को इससे अच्छी आदरांजलि नहीं हो सकती। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रो. राजाराम ने उनकी दादी की तस्वीर वर्णन अनुसार बनाई थी। प्रो. राजाराम की कला कृतियायों में उनके विचार परिलक्षित होते है। उन्होंने कहा कि कला उन्नयन के लिये दीर्घा महत्ता स्थान हो गया है। कला और कलाकारों को आगे बढ़ाने का यह प्रकल्प सुन्दर एवं सार्थक होगा। शुरूआत में मंत्री श्री सारंग ने कला दीर्घा का उद्घाटन कर दीर्घा में लगी कला कृतियों का उवलोकन किया। उन्होंने केनवास शीट पर लिखा कलाकार का दर्शन उसका विचार उसकी कला से प्रदर्शित होता है। यह राजाराम की कला कृतियों में महसूस होता है।

## शिक्षकों ने दृढ़ता पूर्वक किया कोरोना की चुनौतियों का सामना

# डॉ. राधाकृष्णन के मूल्यों और आदर्शों के लिए प्रदेश के शिक्षक समर्पित


**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को ज्ञान, कौशल और संस्कार देना है। शिक्षक दिवस के रूप में आज का दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा और ज्ञान को जीवन का सबसे सशक्त आधार मानते थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिक्षक दिवस पर अपने ट्वीट में लिखा है कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के सपनों के शिक्षित, समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश अपना हरसंभव योगदान देने के लिए संकल्पित है। डॉ. राधाकृष्णन का मत था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है, जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे। वास्तव में समाज को गढ़ने का कार्य शिक्षक ही करते हैं।



**अपने कर्त्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध रहे शिक्षकः** प्रदेश में शालेय शिक्षक न केवल आने वाली पीढ़ी को चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं, अपितु स्वयं भी चुनौतियों का दृढ़ता पूर्वक सामना कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण ने शालेय शिक्षा व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया था। बच्चों के एक साथ होने, सीखने, खेलने-कूदने, अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों और परस्पर आपसी संवाद से ही स्कूल नामक संस्था जीवंत थी और उसकी पहचान थी। वहाँ का आनंद एवं बच्चों में स्कूल के लिए रूचि इन्हीं कारणों से थी। कोरोना ने इन सब गतिविधियों को संक्रमण फैलने का कारण बना दिया। परिणामस्वरूप स्कूल लंबे समय तक बंद रहे। इस विपरीत परिस्थिति में भी विद्यार्थियों को ज्ञान- कौशल और संस्कार प्रदान करने के अपने कर्त्तव्य के प्रति शिक्षक प्रतिबद्ध रहे। शिक्षकों के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के अध्ययन का क्रम नहीं टूटा और वे शिक्षा में निरंतरता अनुभव करते रहे।

**शिक्षकों ने ऑनलाइन कक्षाएँ लेने के साथ कोरोना ग्रस्त लोगों की मदद भी कीः** प्रदेश के गुरूजन ने कोविड संक्रमण के दौरान दीक्षा, डिजिलेप, दूरदर्शन, रेडियो, व्हाटएप आदि माध्यमों से ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर शिक्षा व्यवस्था का संचालन किया। ÷हमारा घर-हमारा विद्यालय÷ जैसी योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों तक निरंतर शिक्षा की पहुँच बनाए रखी। शिक्षा के साथ शिक्षकों ने कोरोना से ग्रसित लोगों के सर्वेक्षण, उनकी चिकित्सा तथा टीकाकरण मे सहयोग जैसे कार्य भी किये।



वन-टू-वन



## मप्र पत्रकार संघ के संभागीय उपाध्यक्ष बने प्रदीप तोमर (मोंटू ), बधाईयों का लगा तांता

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के प्रदीप तोमर( मोंटू ) को संभागीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र माथुर संस्थापक महासचिव राजेश शर्मा के निर्देश पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष राज दुबे और प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेश तोमर की अनुशंसा पर की गई है। प्रदीप तोमर ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन का विस्तार व संगठन की रीति नीति पर चलकर संगठन को आगे ले जाएंगे। श्री तोमर को ग्वालियर संभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश संगठन प्रभारी मनोज चौबे, महासचिव सुनील पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, संभागीय अध्यक्ष विनोद शर्मा, जावेद खान, नासिर गौरी संयुक्त सचिव, कर्ण मिश्रा, उपेंद्र तोमर, शैलेंद्र भदौरिया, देवेंद्र कौरव, अशोक अग्रवाल संजय बेचैन, टिंकल जोशी राहुल सहित पत्रकार प्रमोद भार्गव, अशोक कोचेटा, विपिन शुक्ला, संजीव बांझल, उमेश भारद्वाज, ललित मुदगल, सेमुअल दास, लोकेंद्र सेंगर, देवेंद्र समाधिया, नरेंद्र शर्मा, रोहित मिश्रा, विजय शर्मा बिंदास, राजकुमार शर्मा राजू, लालू शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, सतेंद्र उपाध्याय, सुरेश कुशवाह सहित जिलेभर के पत्रकारों ने उन्हें बधाईयां दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना में अतिरिक्त एक करोड़ गैस कनेक्शन होगे जारी

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ निर्धन परिवारों को निश्शुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे। योजना में मध्यप्रदेश के 9 लाख निर्धन परिवार भी लाभान्वित होंगे। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण फैज अहमद किदवई ने बताया कि योजना के अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी किये जाने पर समस्त पात्र हितग्राहियों को डिपॉजिट फ्री गैस कनेक्शन मिलेंगे। इसके साथ ही प्रथम रिफिल एवं गैस चूल्हा (हॉट-प्लेट) भी निश्शुल्क दिया जायेगा।

### गरीब गृहस्थी से संबंधित महिला होंगी हितग्राही

प्रमुख सचिव किदवई ने बताया ?कि उज्जवला योजना के अंतर्गत ऐसी वयस्क महिला गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये पात्र होंगी जो गरीब गृहस्थी से संबंध रखती हैं एवं जिनकी गृहस्थी में किसी भी प्रकार का गैस कनेक्शन पहले से उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा ऐसे हितग्राही, जो स्श्वष्टष्ट 2011 की सूची के अनुसार पात्र हों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियाँ, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत श्रेणी की महिलाएँ कनेक्शन का लाभ ले सकेंगी।

### प्रदेश के 9 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ

प्रमुख सचिव किदवई ने बताया कि उज्जवला 2.0 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 9 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व से तैयार ई-केवाईसी की संख्या 2 लाख 33 हजार है। प्रदेश में 38 ऐसे जिले हैं, जहाँ एलपीजी कव्हरेज 90 प्रतिशत से कम है। ऐसे जिलों में प्राथमिकता के आधार पर ई-केवाईसी जमा कराई जा रही है। किदवई ने बताया कि विकासखण्ड में लागू इस योजना का लाभ प्रवासी मजदूर, जो अन्य राज्यों से हैं, को भी दिया जायेगा। हितग्राही ई-केवाईसी में अधूरी जानकारी को उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से पूरी करा सकते हैं। आवेदक परिवार अपनी इच्छा अनुसार कम्पनी एवं गैस वितरक का चयन कर सकेगा।

### हितग्राही 7 दिन में पूरे करें अपने अधूरे प्रपत्र

ऐसे चिन्हित परिवार, जिनके पास आधार नम्बर उपलब्ध नहीं है, मुखिया के साथ अन्य वयस्क सदस्यों को प्राथमिकता पर %आधार% पंजीयन कराना होगा। राज्य सरकार द्वारा पंजीयन कार्य को विशेष अभियान चलाकर पूरा किया जायेगा। जिन हितग्राहियों का बैंक खाता नहीं है।वह 7 दिन के अंदर बैंक खाता खुलवायेंगे जन-धन बैंक खाते का उपयोग गैस कनेक्शन के लिये मान्य रहेगा।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री किदवई ने बताया कि जिलों में गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये शिविर लगाकर केवाईसी प्रपत्रों की जाँच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा आवेदन प्राप्त होने के 7 दिन के अंदर गैस कनेक्शन स्वीकृत किया जायेगा, जिसकी सूचना आवेदक के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दी जायेगी। गैस कनेक्शन जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रदाय किये जायेंगे।

# पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने किया शिक्षकों का सम्मान

**शिवपुरी।** भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक के रूप में शहर कांग्रेस कार्यालय गुना चुंगी नाका शिवपुरी पर पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवानी राठौर शिवपुरी द्वारा अपने सभी कांग्रेसी साथियों सहित मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर तिलक एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के जाने-माने शिक्षक श्री मधुसूदन चौबे अतिथि के रूप में शिवा पाराशर, संदीप शर्मा, साई फ़िटनेस क्लब के संचालक मोनू रजक को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित श्री प्रकाश शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई। पंडित श्रीप्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षक ही छात्र-छात्राओं में बेहतर अनुशासन एवं




संस्कार देकर समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षकों द्वारा किए गए त्याग परिश्रम का परिणाम ही होता है एक सामान्य सा विद्यार्थी भविष्य का एक सफल व्यक्ति बन सकता है। मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन चौबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में पैसा कमाना ही सब कुछ नहीं होता। समाज से हमने सब कुछ अर्जित किया है, वह समाज के जरूरतमंद लोगों को हमारे द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए। शिवा पाराशर ने बताया जीवन में सफल बनने के लिए गुरु का होना बहुत आवश्यक है। हम किसी से जो कुछ भी सीखते हैं वह हमारे शिक्षक ही होते हैं और जो कुछ भी हमेंने शिक्षकों से सीखा होता है वह हमें दूसरों को सिखाना चाहिए। यही गुरु शिष्य परंपरा है। शिक्षक दिवस के अवसर पर अनिल उत्साही महासचिव कांग्रेस सेवादल मोहित अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस शिवपुरी, शिवानी राठौर जिलाध्यक्ष महिला पिछड़ा एवं कमलेश जाटव ने भी अपने विचार व्यक्त किए गए। समाज के विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए श्री मधुसूदन चौबे, शिवा पाराशर, संदीप शर्मा, मोनू रजक को माला और समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम का सफल संचालन श्री राजेश बिहारी पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल राजेश बिहारी पाठक, सोनू गुप्ता नलिन पंडित, राजगिरी गोस्वामी,चन्द्र कांत शर्मा, टिंकल रजक,वीरेंद्र कुशवाह,रक्षा ओझा,राजकुमारी शर्मा, प्रिया शिवहरे,कमलेश जाटव, मालती कुशवाह रानी जाटव, माधवी राठौर, भारती जोशी, कमल किशन, रामेत जाटव , सागर शर्मा,शुभम राठौर, अमन राठौर, आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार मोहित अग्रवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा किया गया।

# वात्सल्य समूह शिवपुरी द्वारा सामूहिक रुप से मनाया गया शिक्षक दिवस





**शिवपुरी।**

शिवपुरी शहर की समाजसेवी संस्था वात्सल्य समूह द्वारा रविवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में होटल पी.एस रेजीडेंसी में बैठक कर सामूहिक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वात्सल्य समूह के अध्यक्ष दिनेश जैन महासचिव संजीव जैन ने बताया कि वात्सल्य समूह की मासिक बैठक का शुभारंभ में वात्सल्य समूह शिवपुरी के संस्थापक अध्यक्ष पवन जैन, संस्थापक सचिव अजय जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप जैन, अध्यक्ष दिनेश जैन, महासचिव संजीव जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन मंच पर उपस्थित थे। बैठक का शुभारम्भ भगवान महावीर स्वामी की प्रार्थना से किया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक अजय जैन, रिषभ जैन,जगदीश प्रसाद जैन, कोमल प्रसाद जैन, संजीव जैन संचालक कैपिटल अकेड़मी, मनीष जैन, कल्याण जैन संचालक कल्याण कोचिंग क्लासेस,सहित सभी शिक्षको द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने अपने अनुभवो के साथ अपना अपना वाक्तव दिया गया वात्सल्य समूह शिवपुरी द्वारा सामूहिक रुप से में सभी शिक्षकों को माल्यार्पण कर शाल श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर वात्सल्य समूह शिवपुरी के मनीष जैन जुली, मंत्रकुमार जैन, मनीष जैन, अभिनंदन जैन, पंकज जैन, राजेन्द्र जैन, रविकांत जैन,राकेश जैन राज गिफ्ट, सुमित जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 26 सितंबर को होगी आयोजित



**शिवपुरी।** शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 26 सितंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। पंजीकृत अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navo-daya.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय पनघटा, नरवर के प्राचार्य आर.कृष्णा ने बताया कि संबंधित छात्र प्रवेश परीक्षा देकर विद्यालय में प्रवेश पा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 11 अगस्त 2021 को आयोजित की जाने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई थी। उक्त परीक्षा केवल शिवपुरी तथा श्योपुर जिले में स्थगित हुई थी जो अब 26 सितंबर 2021 रविवार को आयोजित की जाएगी।



## आरा-मशीनों के लायसेंस अब 3 साल के बजाय 5 साल में होंगे नवीनीकरण

शिवपुरी। प्रदेश में स्थापित आरा-मशीनों के लिये अब 5 साल की अवधि में लायसेंस नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान कर दिया गया है। अभी तक 3 साल में नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य था। राज्य शासन के वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम-1984 में यह संशोधन किया गया है। लायसेंस नवीनीकरण के लिये 2,500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित है।

## मेरी पत्नि से बात क्यों करता है, इसी बात पर नाराज युवक ने अपने ही दोस्त को पीटा

**शिवपुरी।**

खबर जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के झिरी गांव में डॉ गुप्ता के फार्म हाउस के पास की हैं।जहां शनिवार को डॉ गुप्ता के फार्म हाउस पर काम करने बाले एक युवक ने अपने ही साथी को जमकर पीट दिया। इस मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस थाना पोहरी में की। जहां पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी बंटी धाकड ने पुलिस थाना पोहरी में शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र ओझा ने उसके नंबर पर फोन किया और उसे डॉ गुप्ता के फार्म हाउस झिरी पर बुलाया। जहां पहले से ही आरोपी धर्मेन्द्र ओझा और दामों ओझा बैठे हुए थे। तभी आरोपीयों ने युवक बंटी को पकडकर उससे कहा कि तू उसकी पत्नि से फोन पर बात क्यों करता है।



जिसपर बंटी ने कहा कि वह तो उसकी पत्नि को कॉल क्यों करेगा। यह बात आरोपीयों को नागवार गुजरी और उन्होंने एक राय होकर आरोपी को जमकर पीट दिया। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपीयों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## प्राचीन शिवलिंग को उखाडकर चुराना चाह रहे थे चोर, नहीं उखडा तो भाग गए

**शिवपुरी।**

जिले के नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में प्रचीन शिवलिंग को अज्ञात चोरों ने चुराने का प्रयास किया है। परंतु शिवलिंग भारी होने से चोर अपने मंशूबों में कामयाब नहीं हो सके और शिवलिंग को छोडकर भाग गए। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस थाना नरवर में की। जहां पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जैतपुर निवासी परमानंद शर्मा ने नरवर थाने में शिकायत करते हुए बताया है कि उनके गांव में प्राचीन शिवलिंग को चोरों ने चुराने का प्रयास किया है। जिसके चलते शिवलिंग को चारों और से खोदा गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर इस शिवलिंग के नीचे खजाना समझकर इसे खोद रहे थे। परंतु शिवलिंग भारी होने के चलते चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। इस मामले में पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

# श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान

### श्रीमद् भागवत कथा के छठा दिन

**शिवपुरी।** जिले के बैराड़ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जोराई में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को पूज्य प्रीति देवी व्यास ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। ग्राम जौरई के तलैया वाले ठाकुर बाबा स्थित के महंत रामनिवास धाकड़ के आशीर्वाद से पूज्य प्राची देवी शर्मा ब्यास के मुख द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम पंडित राधेश्याम आचार्य, पंडित उदय शर्मा ने संयुक्त रूप से श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। छठे दिन कथा पूज्य प्रीति देवी व्यास जी ने भगवान



श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर भजन आज मेरे श्याम की शादी है। मेरे घर श्याम की शादी का भजन प्रस्तुत किया। और भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों और ग्राम वासियों ने शादी में बारात निकाल कर वरमाला प्रोग्राम बड़ी धूमधाम से संपन्न कराया उसके बाद तलैया वाले ठाकुर बाबा के महंत भगत रामनिवास धाकड़ के साथ उनकी धर्मपत्नी केशकली ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के पैर धोकर पैर पकाड़ कर पूजा अर्चना करते हुए दान भेठ चढ़ा कर श्री कृष्ण भगवान की मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। श्री भागवत कथा समारोह में अनेकों भक्तगण और संपूर्ण बस्ती के ग्रामवासी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद सका हवन पूजन और भंडारा सोमवार 5 सितंबर 2021 को रखा गया है। जिसमें सभी भक्तजनों से पधारने का आग्रह किया है।

## रास्ता रोककर युवक से की रंगदारी मांग रहे थे 5 हजार रूपए, मामला दर्ज

**शिवपुरी।** खबर जिले के सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बिलूखे के जंगल सातकिवाडी की है। जहां गांव के एक युवक ने अपने ही समुदाय के लोगों पर रंगदारी का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस थाना सुभाषपुरा में की। जहां पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 386,506,34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कल्याण गुर्जर निवासी रामपुर ने पुलिस थाना सुभाषपुरा में शिकायत करते हुए बताया है कि उसे रास्ते में आरोपी कल्ली गुर्जर और उसके तीन साथियों ने रोक लिया और जबरन पांच हजार रूपए की मांग करने लगे। जब युवक ने उसे पैसे देने से इंकार दिया तो आरोपीयों ने युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

# शिक्षक अपने ज्ञान से विद्यार्थियों के जीवन को ही आलोकित नहीं करते बल्कि पूरे समाज को नई दिशा प्रदान करते है : मंत्री भदौरिया

### -शहर के संस्कृति मैरिज गार्डन में 3 हजार से अधिक शिक्षकों का सदर विधायक ने किया सम्मान



**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द के मुख्य आतिथ्य में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्कृति मैरिज गार्डन भिण्ड में किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, पूर्व सांसद डॉ रामलखन सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा आरके उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, प्राचार्य डाईट सिकरवार के अलावा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं षिक्षकगण, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि आज भविष्य के युवाओं के साथ ही मस्तिष्क को आकार देने में शिक्षकों की उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता को सम्मान देने का अवसर है। शिक्षक सार्थक जीवन की राह दिखाता है और एक शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में माता-पिता के बाद शिक्षक का अहम योगदान होता है। शिक्षक अपने ज्ञान से विद्यार्थियों के जीवन को ही आलोकित नहीं करते बल्कि पूरे समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा है कि समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आई नवीन चुनौतियों के कारण शिक्षकों की जिम्मेदारी बड़ी है। वर्तमान में पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है जिसका सीधा असर शिक्षा पर भी पड़ा है। शालाओं के लम्बे समय तक बंद रहने की स्थिति में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव भी करना पड़ा है। मंत्री डॉ भदौरिया ने शिक्षकों से आव्हान किया है कि सभी शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन द्वारा दिए गए संदेश को आत्मसात कर आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य गढें। क्षेत्रीय

### शिक्षक हमारे जीवन के अज्ञानरूपी अंधकार को अपने ज्ञानरूपी प्रकाश से दूर करते है : संजीव सिंह कुशवाह

विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि शिक्षक का स्थान जीवन में भगवान् के समान होता है। हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अन्धकार को वो अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से दूर करता है और हमें जीवन जीने का सही ढंग सिखाता है। शिक्षक द्वारा मिले ज्ञान से ही हम जीवन में एक सफल व्यक्ति बन सकते हैं। शिक्षक के जीवन में महत्त्व के कारण ही उनके सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक दिवस मतलब शिक्षकों का दिन, यही वह दिन है जब हर जगह विद्यार्थी अपने गुरु के प्रति आदर प्रकट करता है उसे वह सम्मान देता है जिसका वह हकदार है। वैसे देखा जाए तो शिक्षक आदर सम्मान प्राप्त करने के लिए किसी दिन का मोहताज नहीं है, परंतु एक विशेष दिन होने से वह उस दिन कुछ विशेष सम्मान पाता है और विद्यार्थीयों को भी अपने गुरु की महिमा का पता चलता है।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि एक पक्की नीव पर ही एक सुदृढ़ भवन खड़ा किया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार से शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो विद्यार्थी रूपी नीव को सुदृढ़ करके उस पर भविष्य में सफलता रूपी सुदृढ़ भवन खड़ा करने में सहायता करता है और उसे एक सफल इंसान बनाता है। अतः प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है, इसलिए उसका सम्मान बहुत ही आवश्यक है। जो विद्यार्थी अपने शिक्षक का आदर नहीं करता वह अपने शिक्षक के महत्व से अंजान होता है और भविष्य में पछताता है। उन्होंने कहा कि भारत में गुरु शिष्य आदर कि परंपरा बहुत पुरानी है, एक छात्र के जीवन में उसका शिक्षक ही उसका भविष्य निर्माता होता है यह बात प्रचिन काल से लोग जानते हैं। हमारे देश में एकलव्य और आरुणी जैसे शिष्य भी हुये हैं जिन्होंने अपने गुरु के आदेश मात्र पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था और जन्मजन्मांतर तक के लिए अपना नाम अमर कर दिया। आज के युग में शिक्षक के महत्व को बनाए रखने के लिए शिक्षक दिवस जैसे दिन का निर्धारण बहुत जरूरी था, ताकि इस दिन सभी विद्यार्थी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरु कि महिमा को जान पायें और उनका सम्मान करें। इसके साथ ही पूर्व सांसद रामलखन सिंह कुशवाह सहित अन्य अतिथियों ने भी शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में अपने-अपने विचार रखे।

## वन-टू-वन



### सहकारिता मंत्री ने जिले में टीकाकरण की प्रगति की स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं पर की चर्चा

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने सर्किट हाउस भिण्ड पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह से जिले में टीकाकरण की प्रगति, स्थिति एवं व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की।

### शराब पीने के लिए रुपये मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** फूप थाना क्षेत्र के भदाकुर तिराहा के पास एक युवक घूम रहा था, जिससे कुछ बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपये मांग तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद सभी ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सतेन्द्र पुत्र राजवीरसिंह भदौरिया निवासी चाचर ने बताया कि वह शनिवार शाम 10.30 बजे क्षेत्र के भदाकुर तिराहा के पास घूम रहा था, इसी दौरान आरोपी लला कुशवाह, अप्पासिंह भदौरिया, विष्णु भदौरिया, दीपक भदौरिया निवासीगण फूप उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे, जब उसने देने से मना किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### पत्नी की मौत के बाद रहने लगा था बीमार, तनाव में आकर जीवन का किया अंत

**भिण्ड।** रौन थाना क्षेत्र के बिरखडी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति द्वारा जीवन का अंत करने के पीछे कारण मानसिक तनाव बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक बिरखड़ी में रहने वाले 55 वर्षीय सोनेलाल दौहरे पिछले कई सालों से बीमार चल रहे थे। इससे पहले सोनेलाल की पत्नी का निधन हो चुका था। पत्नी के अलावा जीवन में कोई दूसरा अपना नहीं था। पत्नी की मौत के बाद एकांकी जीवन के साथ सोनेलाल बीमारी से जूझ रहे थे। घर गृहस्थी फिर बीमारी और एकांकी जीवन से तंग आकर सोने लाल ने शनिवार शाम साडे छह बजे घर के अंदर फांसी लगा ली। मृतक के भतीजे मोहन सिंह दौहरे की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### मानसिक तनाव के चलते युवक ने लगाई फांसी

**भिण्ड।** जिले के रौन थाना क्षेत्र के बिरखड़ी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति द्वारा जीवन का अंत करने के पीछे कारण मानसिक तनाव बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक बिरखड़ी में रहने वाले 55 वर्षीय सोनेलाल दौहरे पिछले कई सालों से बीमार चल रहे थे। इससे पहले सोनेलाल की पत्नी का निधन हो चुका था। पत्नी के अलावा जीवन में कोई दूसरा अपना नहीं था। पत्नी की मौत के बाद एकांकी जीवन के साथ सोनेलाल बीमारी से जूझ रहे थे। घर गृहस्थी फिर बीमारी और एकांकी जीवन से तंग आकर सोने लाल ने शनिवार शाम साढ़े छह बजे घर के अंदर फांसी लगा ली। मृतक के भतीजे मोहन सिंह दौहरे की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## भाजपा सरकार की ट्रांसफर नीत नियति सबालो के घेरे में : नाथूराम शर्मा

मेहगांव। संस्कारों और सुचिता की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार मे शासकीय कर्मचारियों के ट्रांसफर मे नीति नियति पर सवाल उठाते हुऐ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के प्रदेश अध्यक्ष नाथूराम शर्मा चुरारिया ने कहा कि कभी कांग्रेस सरकार पर ट्रांसफर उधोग का आरोप लगाने बाली भाजपा सरकार मे आते ही निति नियम ताक पर रखकर जिले के विभिन्न विभागों मे हुऐ तवादलो पर आरोप लगाते हुऐ कहा कि शिक्षक, पटवारी सचिव आदि के ट्रांसफर हुऐ हे वे सब नियम बिरुद्ध एंव भेदभावपूर्ण है, शासकीय कर्मचारियों के तवादले राजनीति से ओतप्रोत हे जिले मे जातिगत रूप से तवादला कराने का जिले के प्रशासनिक अधिकारीयो व जनप्रतिनिधियों का भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाऐ



जाने से क्षैत्र के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुची है। विभागों के आला हुक्मरान एंव जनप्रतिनिधियों पर सबाल उठना जायज है भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिह चौहान को एक बार इस बिषय पर चिंतन मनन करना अति आवश्यक है, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन भाजपा सरकार की इस वेलगाम ट्रांसफर निति की घोर निंदा करता है।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

भिण्ड। रावतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरे में एक महिला ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया, जिसमें उसने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज प्रताड़ना को लेकर परेशान करते हैं पुलिस ने मामले की जांच उपरांत दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामवती पत्नी मोहन बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बरे ने बताया कि उसके ससुरालीजन विगत 15 जून 2021 से लेकर अब तक दहेज को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति मोहन पुत्र संजू बघेल, संजू पुत्र सोनू बघेल, जलदेवी पत्नी अमजू बघेल, सास के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## नागा बाबा भूतगिरी आश्रम पर श्री मद् भागवत ज्ञान कथा का भव्य शुभारम्भ

**भिण्ड।** श्री मद् भागवत कथा के शुभारम्भ में कलश यात्रा का हुआ आयोजन कलश यात्रा नगर के लहार रोड से भिंड रोड होते हुए नगर ऐतिहासिक धाम बालाजी धाम से होते हुए कथा स्थल पर सम्पन्न हुई कथा मिहोना कस्बे के नागा बाबा भूत गिरी की समाधी स्थल वार्ड क्रं.12 लहार रोड पेट्रोल पंप के पीछे आज 05 सितम्बर से श्रीमद् भागवत कथा का शभरम्भ हुआ। भागवत कथा के आयोजन करता मनोज वेघ, महावीर बेघ, गोविंद बेघ, महते परिवार के द्वारा नागा बाबा भूत गिरी के पँचत्व में विलीन होने के उपरांत किया जा रहा है जिसमें परीक्षत श्रीमती राज किशोरी देवी एवं कथा बाचन प्रवक्ता अनन्त विभूषित श्री श्री 1008 महंत राणा



नन्द सरस्वती जी हरिद्वार वाले मनेश्वर महादेव हमीरपुरा आश्रम के द्वारा 12 बजे से शायं 04 बजे तक एवं कथा का हवन पूर्ण आहुति शन्त भंडारा 12 सितम्बर को सम्पन्न किया जाएगा।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल संचालक ने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दान किए पौधे

### वृक्ष दान कर पुण्य के भागी बने : सर्वेस समाधिया

**भिण्ड।** वसुंधरा श्रृंगार युबा मंडल द्वारा हरे कृष्ण शर्मा आजाद के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं नक्षत्र वाटिका कार्यक्रम के अंतर्गत आज शहर के समाजसेवी एवं ऐ के बी बी एम स्कूल के संचालक सर्वेश समाधिया ने अपने जन्म दिवस और शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आगामी नक्षत्र वाटिकाओ में वृक्षारोपण के लिए वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल को 21 बरगद और पीपल के पौधे दान दिए। ऐ के बी बी एम स्कूल के संचालक सर्वेश समाधिया ने बरगद और पीपल के पौधे भेंट करते हुए बताया कि हमारे शास्त्रों में वृक्ष दान का भी बड़ा महत्व बताया गया है अगर हमारे पास सुरक्षित



स्थान पौधारोपण के लिए नहीं है तो जो संगठन सुरक्षित स्थान पर पौधारोपण कर रहे हैं ऐसे लोगों को पौधा दान कर पुण्य के भागी बन सकते हैं हमारे जीवन में यह बरगद पीपल जैसे देव वृक्ष वरदान से कम नहीं है क्योंकि मानव जन्म के समय पहली सांस जो लेता है वह हमें पेड़ों से ही प्राप्त होती है और अंतिम समय तक पेड़ किसी न किसी रूप में हमारी मदद करते हैं और हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं बिना ऑक्सीजन के मानव जीवन किस प्रकार प्रभावित होता है यह हम कोरोना जैसी महामारी में देख चुके हैं अतः इस प्रकार की भयावह परिस्थिति फिर न देखनी पड़े इसके लिए हम सभी को अपने जीवन में वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए श्री समाधिया ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों रूप से फलदाई होते हैं। भारत मिशन 100 करोड़ वृक्ष के संभाग प्रभारी संजय ने बताया कि संगठन द्वारा नक्षत्र वाटिका में जिन पौधों का रोपण किया जाता है उन पेड़ों के दर्शन और परिक्रमा मात्र से हमारे ग्रह दोष समाप्त हो जाते हैं यह वास्तव में एक कल्पवृक्ष के समान होते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा संजय रविंद्र श्रीवास सत्यम आदि लोग उपस्थित रहे।



## कलेक्टर एवं एसपी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षक मोहम्मद शकील को एनआईसी कक्ष में सम्मानित किया

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एनआईसी कक्ष में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान में जिले के प्रतिभा शाली शिक्षक मोहम्मद शकील माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल रछेड़ी जिला भिण्ड को एनआईसी भिण्ड के कक्ष में शिक्षक दिवस के अवसर पर शॉल एवं श्रीफल देकर साथ ही 25 हजार रूपये का चेक देकर सम्मानित किया। साथ ही अन्य शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक षिक्षा आरके उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## डॉ राधाकृष्णन का राष्ट्रीय जीवन में हिन्दुत्व के प्रति अटूट प्रेम की भावना जागृत हुई : आर एन तिवारी

### - गुरू की महत्वतता विद्यार्थी जीवन के लिए प्रेरणादायक बनती है : प्रो इकबाल अली

**भिण्ड।** भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति पर आयोजित शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त व्याख्याता आरएन तिवारी ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का राष्ट्रीय जीवन में हिन्दुत्व के प्रति उनके अटूट प्रेम की भावना जागृत हुई साहित्य और संस्कृति और दर्शन उनके महत्वपूर्ण विषय थे अपने अद्भुत विचारो के साथ राष्ट्र एवं देश के युवाओ शिक्षा के क्षेत्र मे ऊर्जा भरने का काम किया वेअपने माता पिता की ईश्वरीय संतान थे वे शिक्षा के बडे पक्षकार रहे उन्होंने भारतीय संस्कृति का देश विदेश मे प्रचार प्रसार किया।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो इकवाल अली ने कहा भारतीय संस्कृति हमारे देश की मुख्य पहचान है मातृभाषा हिंदी और संस्कृति दोनों एक समान विद्यार्थियों के ज्ञान को आगे ले जाती है सर्वप्रथम हमारे गुरु कौन है जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है जिसने हमें जन्म दिया माता पिता वह वही हमारे प्रथम हैं दूसरे स्थान पर धार्मिक तौर पर हम अपने संतो से गुरु दक्षिणा लेकर




अपने हृदय में उन्हें प्रकट करते हैं यह महिमा ही हमारी संस्कृति की धरोहर है ज्ञान बुद्धि और विवेक यह हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण अनुकरणीय है जिसका अध्ययन हम सब विद्यार्थियों को करना चाहिए उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा श्रीमत राम कथा और महर्षि वाल्मीकि विश्वामित्र भी राजा दशरथ के पुत्रों के गुरु थे जिन्होंने भगवान राम और लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न और लव कुश को धनुष बाण से लेकर सभी अस्त्र-शस्त्र शिक्षाओं में निपुण किया था यही भाव हम सब के विद्यार्थियों के मन में होना चाहिए।

### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीतेश शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन इंग्लिश ट्यूटोरियल्स के संचालक मनीष शर्मा ने गिर्राज पैलेस में आयोजित किया जिसमें शिक्षक सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त व्याख्याता आर्यन तिवारी प्रोफेसर इकबाल अली, सुनील त्रिपाठी, ओपी दौहरे सुनील लखेरे का मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी, प्रतीक पांडे, धर्मेंद्र सोनी, पवन भारद्वाज सहित महाराणा प्रताप मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह बैठकर उन्हें सम्मानित किया।

## राजस्थान क्लासिक 20 पैकेट शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के भारौली तिराहा गल्ला मंडी के पास लंबे समय से एक युवक राजस्थान क्लासिक अवैध शराब बिक्री लंबे समय से कर रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही उसे दबोचकर हिरासत में लिया और आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विकास श्रीवास पुत्र संतोष निवासी बीटीआई रोड जो लंबे से राजस्थान क्लासिक शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही शनिवार शाम 6.30 बजे दबोच लिया और उसके पास से 20 पैकेट लगभग 4 लीटर शराब की जब्ती की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## श्रीकृष्ण की धर्म नीति

लोकजीवन में 'धर्म' शब्द जितना अधिक सुपरिचित है उसका अर्थ-बोध उतना ही अधिक व्यापक एवं गूढ़ है। अर्थ-विस्तार की दृष्टि से धर्म मानव-जीवन के उन समस्त पक्षों का सम्यक् संवहन करता है, जो जीवन को रचनात्मकता एवं सुंदरता की ओर अग्रसर करते हैं किंतु अर्थ-संकोच की दृष्टि से धर्म विशिष्ट विश्वास-प्रेरित पूजा-पद्धति के अर्थ में रुढ़ हो गया है । जनसामान्य धर्म को इसी रुढ़ अर्थ में ग्रहण करता है। धर्म लोक-व्यवहार, सदाचार और मानवीय-गरिमा की संरक्षक मर्यादाओं के निर्देशन एवं पालन की संज्ञा है। धर्म का मूल-तत्व लोकमंगल है। प्रायः विश्व के सभी धर्मों के मूल में लोकमंगल की प्रेरणा ही सक्रिय रही है किंतु मानव-सभ्यता के इतिहास में जब-जब व्यापक लोकमंगल की उपेक्षा करके मनुष्य ने निजी स्वार्थों और अपनी सहज दुर्बलताओं के तटबंधों में बंधकर धर्म की निर्मल जलधारा को रुढ़ियों के बंधन में बांधा है तब-तब धर्म अपनी सार्थकता खोकर समाज के पतन का कारण बना है और इतिहास के पृष्ठ कलंकित हुए हैं। भीष्म एवं द्रोण आदि महारथियों की रूढ़िबद्ध धार्मिकता ने द्रौपदी के चीर-हरण को चुपचाप सहकर समाज को महाभारत युद्ध की ओर धकेला। निहित स्वार्थों के लिए समर्पित धृतराष्ट्र की अंधी राज्य-लिप्सा और अपरिमित पुत्रमोह को बल भीष्म की प्रतिज्ञा-पालन की रुढ़ि को धर्म समझने और द्रोण के 'नमक का मूल्य चुकाने की' धार्मिक रुढ़ियुक्त अविवेकपूर्ण राजभक्ति' से मिला। भागते हुए शत्रु पर प्रहार न करने को ही बिना विचार किए धर्म मान लेने की मूर्खतापूर्ण धर्मरुढ़ि आक्रांता मोहम्मद गोरी को प्राणदान दिलाकर अंततः विजेता पृथ्वीराज के ही नाश का कारण नहीं बनी अपितु उसने समस्त भारतीय समाज के राजनीतिक-सांस्कृतिक जीवन को काँटों के पथ पर धकेल दिया। 'हमारे विश्वास ही सर्वश्रेष्ठ हैं और समस्त विश्व के मानव समुदाय को हम अपने ही विश्वासों के रंग में रंग लेंगे'-- इस कथित धर्मप्रियता के कारण आज के वैज्ञानिक दृष्टि संपन्न समाज में भी आतंकवाद और धर्मांतरण के काले कुचक्र चल रहे हैं और धर्म का मूल तत्व लोकमंगल घायल है। जब-जब जीवन के धरातल पर धर्म अपने लोक मंगलकारी स्वरूप को खोकर मूर्खतापूर्ण अंधी-रूढ़ियों के मकड़जाल में जकड़ कर अपनी शक्ति खोने लगता है तब-तब समाज में कोई राम, कोई कृष्ण, कोइ शंकराचार्य, कोई गोविंदसिंह अथवा विवेकानंद जन्म लेकर धर्म के मर्म को पुनर्व्याख्यायित करता है-- समाज को दिशा देता है। यही 'यदा यदा ही धर्मस्य............' का शाश्वत रहस्य है। जो व्यक्ति विवेक की कसौटी पर कसकर कर्तव्य-अकर्तव्य का विचार करके कर्म को लोक-कल्याण की दिशा में नियोजित करता है, वही सच्चा धार्मिक है; महापुरुष है; अवतार है, पूज्य है। श्री कृष्ण भी ऐसे ही लोकवन्द्य महापुरुष हैं। उन्होंने अपने युग में धर्म के नाम पर पल्लवित रूढ़ियों से संरक्षित शोषक-शक्तियों का विनाश कर मानवीय-गौरव को प्रतिष्ठित किया। उनके द्वारा उपदेशित गीता का ज्ञान मनुष्य के धार्मिक तत्व-चिंतन का वह उज्ज्वल आलोक है जिसका स्पर्श पाकर जटिल और गूढ़ धर्मतत्व से उत्पन्न भ्रांतियाँ स्वतः नष्ट हो जाती हैं तथा जीवन नैतिक-मानमूल्यों के अनुरूप भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर लेता है । श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल से ही धार्मिक-रूढ़ियों पर प्रहार कर लोकजीवन को प्राकृतिक सहज-पथ की ओर निर्देशित किया। इंद्र-पूजा से गोवर्धन-पूजन की परम्परा का प्रारंभ जीवन के पोषक प्राकृतिक-तत्वों के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन का पुनर्प्रतिष्ठापन है। सामाजिक-जीवन में श्रीकृष्ण पग-पग पर नए लोकमंगलकारी धर्म के असंख्य अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

# मानसून से होती तबाही की बढ़ती तीव्रता

**योगेश कुमार गोयल**

देश की राजधानी दिल्ली में 31 अगस्त से ही जोरदार बारिश के कारण अनेक इलाकों में भारी जलभराव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है और 1 सितम्बर को भी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वैसे भी दिल्ली में अक्सर चंद घंटों की मूसलाधार वर्षा में ही सड़कें दरिया बन जाती हैं। दिल्ली-एनसीआर में 31 अगस्त को हुई बारिश ने तो सात वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 24 घंटे के भीतर राजधानी में 84.1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जो वर्ष 2013 के बाद से सर्वाधिक है। महाराष्ट्र के मुम्बई सहित औरंगाबाद, जलगांव, कोंकण, मराठवाड़ा से लेकर उत्तर महाराष्ट्र सहित अनेक इलाकों में भी भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। राजस्थान में बारिश और आकाशीय बिजली से कुछ लोगों की मौत और कईयों के घायल होने की खबर है। देशभर के अनेक इलाकों में नदियां और जलाशय उफान पर आ गए हैं और मौसम विभाग द्वारा 4 सितम्बर तक देश के कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस साल मानसून की शुरूआत से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने, बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला अनवरत जारी है। पहाड़ों पर आसमानी आफत टूट रही है तो देश के कई इलाके बाढ़ के कहर से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। कमोवेश हर साल मानसून के दौरान विभिन्न राज्यों में अब इसी प्रकार का नजारा देखा जाने लगा है। अब इसे मानसून की दगाबाजी कहें या पर्यावरण असंतुलन का दुष्परिणाम कि मानूसन से होती तबाही की तीव्रता साल दर साल बढ़ रही है। मानसून का मिजाज इस कदर बदल रहा है कि जहां मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, वहीं कुछेक दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं। दरअसल वर्षा के पैटर्न में अब ऐसा बदलाव नजर आने लगा है कि बहुत कम समय में ही बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है, जो प्रायः भारी तबाही का कारण बनता है।

हाल ही में पॉट्सडैम इंस्टीच्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च के एक अध्ययन में बताया गया है कि भारतीय मानसून की चाल को जलवायु परिवर्तन और ज्यादा गड़बड़ बना रहा है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार भारत के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश ने जो तबाही मचा रखी है, वह वैश्विक तापमान वृद्धि का दुष्परिणाम है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के मौसम के जिस पैटर्न को कभी सबसे स्थिर माना जाता था, उसमें एक बड़ा परिवर्तन स्पष्ट देखा जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से मौसमी घटनाएं बढ़ रही हैं और मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के तापमान में प्रत्येक डिग्री सेल्सियस वृद्धि से मानसूनी वर्षा में करीब पांच फीसदी बढ़ोतरी हो रही है। बादल फटने और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में होती बढ़ोतरी को भी जलवायु परिवर्तन से ही जोड़कर देखा जा रहा है।

एक समय था, जब गांव हो या शहर, हर कहीं बड़े-बड़े तालाब और गहरे-गहरे कुएं होते थे और पानी अपने आप धीरे-धीरे इनमें समा जाता था, जिससे भूजल स्तर भी बढ़ता था लेकिन अब विकास की अंधी दौड़ में तालाबों की जगह ऊंची-ऊंची इमारतों ने ले ली है, शहर कंक्रीट के जंगल बन गए हैं, अधिकांश जगहों पर कुओं को मिट्टी डालकर भर दिया गया है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक हमारी फितरत कुछ ऐसी हो गई है कि हम मानसून का भरपूर आनंद तो लेना चाहते हैं किन्तु इस मौसम में किसी भी छोटी-बड़ी आपदा के उत्पन्न होने की प्रबल आशंकाओं के बावजूद उससे निपटने की तैयारियां ही नहीं करते। इसीलिए बदइंतजामी और साथ ही प्रकृति के बदले मिजाज के कारण अब प्रतिवर्ष प्रचण्ड गर्मी के बाद बारिश रूपी राहत को देशभर में आफत में



बदलते देर नहीं लगती और तब मानसून को लेकर हमारा सारा उत्साह छू-मंतर हो जाता है।

मानसून प्रकृति प्रदत्त ऐसा खुशनुमा मौसम है, भीषण गर्मी झेलने के बाद जिसकी बूंदों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह ऐसा मौसम है, जब प्रकृति हमें भरपूर पानी देती है किन्तु पानी की कमी से बूरी तरह जूझते रहने के बावजूद हम इस पानी सहेजने के कोई कारगर इंतजाम नहीं करते और बारिश का पानी व्यर्थ बहकर समुद्रों में समा जाता है। हालांकि 'रेन वाटर हार्वेस्टिंग' का शोर तो सालभर बहुत सुनते हैं लेकिन ऐसी योजनाएं सिरे कम ही चढ़ती हैं। इन्हीं नाकारा व्यवस्थाओं के चलते चंद घंटों की बारिश में ही दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरू जैसे बड़े-बड़े शहरों में भी प्रायः जल-प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। हल्की सी बारिश क्या हुई, सड़कों पर पानी भर जाता है, गाड़ियां रेंग-रेंगकर चलने लगती हैं, रेल तथा विमान सेवाएं प्रभावित होती हैं, सड़कें धंस जाती हैं, जगह-जगह जलभराव होने से पैदल चलने वालों का बुरा हाल हो जाता है। यह कोई इसी साल की बात नहीं है बल्कि हर साल यही नजारा सामने आता है लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसे पुख्ता इंतजाम कभी नहीं किए जाते, जिससे बारिश के पानी का संचयन किया जा सके और ऐसी समस्याओं से निजात मिले।

हमारी व्यवस्था का काला सच यही है कि न कहीं कोई जवाबदेह नजर आता है और न ही कहीं कोई जवाबदेही तय करने वाला तंत्र दिखता है। हर प्राकृतिक आपदा के समक्ष उससे बचाव की हमारी समस्त व्यवस्था ताश के पत्तों की भांति ढह जाती है। ऐसी आपदाओं से बचाव तो दूर की कौड़ी है, हम तो मानसून में सामान्य वर्षा होने पर भी बारिश के पानी की निकासी के मामले में साल दर साल फेल साबित हो रहे हैं। देशभर के लगभग तमाम राज्यों में प्रशासन के पास पर्याप्त बजट के बावजूद प्रतिवर्ष छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम मानसून से पहले अधूरा रह जाता है, जिसके चलते ऐसे हालात उत्पन्न होते हैं। अनेक बार ऐसे तथ्य सामने आ चुके हैं, जिनसे पता चलता रहा है कि मानूसन की शुरूआत से पहले ही करोड़ों रुपये का घपला करते हुए केवल कागजों में ही नालों की सफाई का काम पूरा कर दिया जाता है। कई जगहों पर मानसून से पहले नालों की सफाई की भी जाती है तो उस दौरान सैंकड़ों मीट्रिक टन सिल्ट निकालकर उसे नाले के करीब ही छोड़ दिया जाता है, जो तेज बारिश के दौरान दोबारा बहकर नाले में चली जाती है और थोड़ी सी बारिश में ही ये नाले उफनते लगते हैं। बारिश के कारण बाढ़, भू-स्खलन जैसी आपदाओं को लेकर हम जी भरकर प्रकृति को तो कोसते हैं किन्तु यह समझने का प्रयास नहीं करते कि मानसून की जो बारिश हमारे लिए प्रकृति का वरदान होनी चाहिए, वही बारिश अब हर साल बड़ी आपदा के रूप में तबाही बनकर क्यों सामने आती है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में होता अवैध खनन इत्यादि भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते तबाही के मामले बढ़ने लगे हैं।

## पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मों का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है। यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना घोर अज्ञान मनुष्य को पशुओं के वध की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर ने अनेक अच्छी वस्तुएं प्रदान की हैं।

## भाजपा का मंडल पार्ट-2

**सिद्धार्थ शंकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने भूमंडलीकरण के दौर में पार्टी और सरकार के मंडलीकरण का दांव चला है जिसे राजनीतिक विश्लेषक मोदी का मंडल-दो भी कह रहे हैं और उनका दावा है कि जैसे विश्वनाथ प्रताप सिंह के मंडल-एक प्रयोग ने भारतीय राजनीति और सामाजिक व्यवस्था का पूरा चरित्र बदल दिया उसी तरह मोदी का मंडल-दो फिर कोई नया गुल खिला सकता है। कहा जा सकता है कि वीपी सिंह की ही तरह नरेंद्र मोदी ने भी एक बड़ा सियासी जोखिम लिया है, जो भाजपा और संघ के हिंदुत्व की राजनीति से मेल नहीं खाता है। फर्क यही है कि विश्वनाथ प्रताप सिंह सवर्ण थे और मंडल के कारण उन्हें सवर्णों का गुस्सा झेलना पड़ा। वहीं पिछड़ों ने उनके मुकाबले मुलायम सिंह यादव और लालू यादव जैसे नेताओं को तरजीह दी। लेकिन मोदी खुद पिछड़े वर्ग से आते हैं इसलिए विश्वनाथ प्रताप सिंह के मुकाबले वह ज्यादा मजबूत विकेट पर हैं और उनके सामने इस समय सामाजिक न्याय की राजनीति के पुराने योद्धाओं जीवन के सांध्यकाल में हैं और लगभग हो चुके हैं। वर्तमान में कोई सामाजिक न्याय की धारा का कोई नया तेज तर्रार नेता दूर दूर तक नहीं दिख रहा है। लेकिन उनके इस दांव से संघ और भाजपा के अगड़े जनाधार के नाराज होने के खतरे की भी आशंका है। पहले पिछड़े वर्ग को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 27.50 फीसदी आरक्षण और फिर पिछड़े वर्गों की पहचान करने का अधिकार फिर से राज्यों को देने के लिए संसद द्वारा पारित कराया गया। संविधान संशोधन भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी सरकार मास्टर स्ट्रोक है या डिजास्टर स्ट्रोक, इसे लेकर बहस तेज हो गई है। दरअसल उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में अगले साल शुरु में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पिछड़ों को लुभाने के लिए उठाए गए इस कदम की अगली तार्किक परिणीति जाति आधारित जनगणना, आरक्षण कोटे की सीमा पर सुप्रीम कोर्ट की लगी 50 फीसदी की पाबंदी को संसद द्वारा



कानून पारित करके खत्म करना और निजी क्षेत्र को भी आरक्षण के दायरे में लाने की मांगों के तेज होने के रूप में सामने आएंगी। राजनीति की भाषा में कहा जाए तो सरकार के इस कदम से भानुमती का पिटारा खुल सकता है जिससे भारतीय समाज में जबर्दस्त उथल पुथल पैदा हो सकती है जिससे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हिंदुत्व की वैचारिक अवधारणा तार तार हो सकती है। पिछड़े वर्गों के प्रति अचानक उमड़े भाजपा के प्रेम को मंडल दो भी कहा जा रहा है और इसे राजनीति में मंडलीकरण की प्रक्रिया के पूरे होने के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि इसके पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार में भी जो तरजीह पिछड़े वर्गों और दलितों को दी गई है,उससे भी भाजपा की कमंडल राजनीति को मंडल राजनीति की तरफ खिसकते दिखाई दी है। यहां तक कि 2015 में बिहार चुनाव से पहले भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा था कि आरक्षण पर पुनर्विचार की जरूरत है और तत्कालीन राजद जदयू कांग्रेस महागठबंधन के नेता लालू प्रसाद यादव ने उनके इस बयान को मुद्दा बनाकर बिहार में भाजपा और एनडीए का सफाया कर दिया था, उसके उलट अब संघ के सर कार्यवाह (जिन्हें संघ का संघ प्रमुख के बाद संघ का कार्यकारी प्रमुख माना जाता है) दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि आरक्षण हर हाल में जारी रहना चाहिए और जब तक समाज में असमानता है आरक्षण की जरूरत है।संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण का समर्थन कर दिया है। अब सवाल है कि मोदी सरकार के मंडल दो कहने जाने वाले तीनों कदमों से भारतीय जनता पार्टी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से लेकर 2024 तक जितने भी चुनाव होंगे जिनमें लोकसभा चुनाव भी शामिल है, में वो अपेक्षित राजनीतिक लाभ मिलेगा जिसकी उम्मीद में ये कदम उठाया गया है।दरअसल संघ और भाजपा की हिंदुत्व की विचारधारा देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज को एक इकाई के रूप में देखता है और उसके मुताबिक उसकी सिर्फ एक पहचान है जो हिंदू ही हो सकती है।

# 10 साल के होने से पहले जरूर सिखा दें ये गुण कौशल /हुनर

### सूडोकु नवताल- 5824

✱☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5823 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**
**(अच्छे नागरिक बनने की नींव )**

जीवन में कुछ हुनर होती हैं, जिसकी आदत बच्चों को बचपन से ही डाल देनी चाहिए। एक अच्छे माता पिता होने के नाते आप अपने 10 साल तक के बच्चे को यहां बताई जा रहीं जरूरी जीवन में हुनर सिखा सकते हैं।

जीवन कौशल जिसे लाइफ स्किल कहते हैं, विकास के साथ चलते हैं। ये लाइफ स्किल आपके बच्चे को जीवन में सफल होने में बहुत मदद करते हैं। इसलिए पैरेंट्स होने के नाते आपको अपने 10 साल तक के बच्चे को वो सभी स्किल्स की ट्रेनिंग देनी चाहिए, जो उसके लिए जरूरी है।

स्किल्स ऐसी होनी चाहिए, जिसे वह अपने रूटीन में आसानी से शामिल कर सकें। बता दें कि बच्चे इन सभी कौशल को बचपन से ही सीख सकते हैं।

**सामान्य भोजन तैयार करना सिखाएं:** एक मां होने के नाते, जब भी आप किचन में खाना बनाएं तो अपने बच्चे को अपने साथ मदद के लिए खड़ा करें। उसे चाकू या कांटे का इस्तेमाल करना बताएं। आप बच्चे को रसोई में खुद से तैयार की जाने वाले डेजर्ट, केक और स्मूदी बनाना सिखा सकती हैं। 5 साल और इससे ज्यादा वर्ष के बच्चों को सैंडविच और स्मूदी बनाने का तरीका सिखाएं। जबकि 7 से 8 साल तक की उम्र का बच्चा मफिन्स, पिज्जा जैसे टोस्टर ओवन फेवरेट आजमा सकता है। 8-10 साल तक के बच्चे कप केक, ड्राय केक, कुकीज बेक करना यकीनन एन्जॉय करेंगे। कोरोना संक्रमण काल में



जिसके पास यह हुनर /कौशल /सीख नहीं रही उन्हें लॉक डाउन के समय भोजन ,नाश्ता न मिलने से पराधीनता के कारण परेशां होना पड़ा था .जिनके पास सामग्री होने पर कौशल होने के कारण भोजन का आभाव नहीं सहन करना पड़ा

**वेब का से इस्तेमाल करना सिखाएं:** आजकल बच्चे पहले से ज्यादा समय स्क्रीन पर बिता रहे हैं। इसमें कुछ नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, ताकि वे डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। इसलिए अपने बच्चे के लिए ऐसा पासवर्ड चुनें, जिसका अनुमान लगाना कठिन हो, इसे हमेशा निजी रखें। बच्चों को सिखाएं कि केवल उन लोगों के साथ चैट करें, जिन्हें आप वास्तिवक जीवन में जानते हैं। कभी भी फेसबुक या इंस्टाग्राम जैसे अकाउंट्स पर अपने नंबर , पता और व्यक्तिगत जानकारी न दें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बच्चे को बताएं कि मुद्दा कोई भी हो, वे बेजिझक आपके पास आ सकते.आजकल व्हाट्सप्प /फेस बुक /मेस्सेंजर के माध्यम से बहुत छलावा होता या किया जा रहा हैं जिससे भविष्य में बहुत परेशानी का सामना करना होता हैं या पड़ता हैं .

**कपड़े धोना सिखाएं:** आज भी कॉलेज जाने वाले ऐसे बहुत से टीन्स हैं, जिन्हें कपड़े कैसे धोते हैं, नहीं पता। अपने बच्चे को इन बच्चों में से एक न बनने दें। जब बच्चे 6 या 7 साल के आसपास हो जाएं, तब पैरेंट्स होने के नाते आप उन्हें कपड़े धोने की ट्रेनिंग दे सकते हैं। अगर आप मशीन में कपड़े धोते हैं, तो उन्हें बताएं कि डिटर्जेंट का यूज कैसे करना है और मशीन का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए। पुराने समय में मशीन न होने से सभी को अपने हाथों से कपड़ा धोना पड़ता था और यह एक कला हैं .इससे आत्मविश्वास के साथ अपने हाथों से तैयार किये गए कपडे पहनने का अलग मजा होता हैं .आजकल बिना क्रीज़ के कपडे पहनने का चलन न होने से और कपडे भी ऐसे आ रहे हैं जो हमेशा ताज़गी देते हैं ,परन्तु यह कौशल सीखना अनिवार्य हैं .जब बच्चे हॉस्टल या नौकरी में अकेले रहते हैं तब असुविधा महसूस करते हैं .

**घाव का इलाज करना सिखाएं:** अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा घबराए नहीं, तो उसे घाव का इलाज करना सिखाएं। उसे बताएं कि यदि कट या खरोंच से खून बह रहा है, तो एक साफ कपड़े से उस क्षेत्र को तब तक दबाए रखें , जब तक की ब्लीडिंग रूक न जाए।

## एक ज्वलंत सवाल....? - हम आजाद है, या आत्मनिर्भर....?

**ओमप्रकाश मेहता**

हम पिछले चैहत्तर सालों से पन्द्रह अगस्त को हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस या अंग्रेजी में ''इंडिपेन्डेंस डे'' मनाते आ रहे है जबकि हिन्दी-अंग्रेजी के इन दोनों शब्द समूहों का अर्थ एक बिल्कुल नहीं है, हिन्दी के 'स्वतंत्रता' शब्द समूह को अंग्रेजी में 'फ्रीडम' कहते है, जबकि अंग्रेजी के 'इंडिपेंडेंस' शब्द समूह को हिन्दी में 'आत्मनिर्भरता' कहते है, तो अब बताईए हम पन्द्रह अगस्त को किस रूप में मनाते आ रहे है? अंग्रेजी के 'फ्रीडम' या 'स्वतंत्रता' का हमने पिछले सात दशकों में मनमाना दोहन किया और इसे हमारे संविधान से भी ऊपर मानकर हमने इसकी आड़ में जा चाहा वो किया, किंतु अंग्रेजी का 'इंडिपेंडेंस' या 'आत्मनिर्भर' शब्द समूह हमारी राजनीति का अंग अब इतने सालों बाद बना है और अब हमारे आधुनिक भाग्य विधाता इसे दिखावे का जामा पहनाने को आतुर है और अब इसी शब्द समूह का ढ़िंढोरा पीटकर अपना भविष्य उज्जवल रखने के प्रयास किये जा रहे है।

ऐसा कतई नहीं है कि पिछले सात दशक की पूर्व सरकारों ने 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में कोई काम नहीं किये, आज जो हमें हमारा देश विकासशील या विकसित नजर आ रहा है, यह इसी 'आत्मनिर्भरता' के प्रयासो का परिणाम है, किंतु अतीत और वर्तमान में अंतर यह है कि अतीत में आज जैसा ढ़िंढौरा पीटकर अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास नहीं किया जाता था, तब हमारी सरकारों की विकास की राह वही थी जो आज समय व स्थिति के अनुरूप बदल गई है। आज दिखावा ज्यादा और वास्तविकता कम है, किंतु नेहरू, लाल बहादुर, इंदिरा या अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में ऐसा कतई नहीं था।

विकास का कोई भी क्षेत्र देख लिजिये, चाहे वह औद्योगिक हो, आर्थिक हो, वैश्विक हो या कि सामाजिक हर क्षेत्र में बिना किसी दिखावे के अपना कर्तव्य मानकर तत्कालीन सरकारों ने आत्निर्भरत की दिशा में कदम बढ़ाया और उसमें काफी कुछ अंशों तक सफलता भी अर्जित की, यद्यपि यह भी सही है कि हम सात दशकों में अपने लक्ष्य को सही मंजिल तक नहीं पहुंच पाए, किंतु इसमें भी दो राय नहीं कि उस दिशा में ईमानदारी पूर्ण प्रयास अवश्य किए गए और उन प्रयासों के सार्थक परिणाम भी हमारे सामने आये। अतः अब यदि इस संदर्भ में यह कहा जाए कि ''देर आए दुरूस्त आए'' तो कतई गलत नहीं होगा, किंतु अभी भी आत्मनिर्भरता के प्रयासों में 'ईमानदार कौशिश' का तत्व बढ़ाना बहुत जरूरी है।

# अनुराग कश्यप की बेटी आलिया ने शेयर की अंडर गारमेंट्स में अपनी तस्वीर



अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप इस वक्त सुर्खियों में छाई हैं। वजह है आलिया कश्यप की स्टनिंग तस्वीर जो उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर डाली है। आलिया कश्यप की इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर धमाका कर दिया है। आलिया ने फिल्मों में एंट्री भले न की हो, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। आलिया ने जो लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है, उसमें वह अपना अंडर गारमेंट्स दिखाती नजर आ रही हैं। आलिया की इस तस्वीर ने इंटरनेट पर तहलका मचा रखा है। आलिया की इस तस्वीर पर उन्हें खूब जमकर कॉमेंट मिल रहे हैं। जहां कई लोगों ने उन्हें खूबसूरत बताया है, वहीं कुछ ने कहा है कि वह बॉलिवुड के लिए रेडी हैं। वहीं एक ने लिखा है- आप एक इंडियन महिला हैं और इस तरह से दिखाना शोभा नहीं देता मैडम। हालांकि, बता दें कि आलिया की यह ऐसी पहली तस्वीर नहीं है। इससे पहले भी वह लॉन्जरी में अपनी तस्वीरें पोस्ट कर चुकी हैं। अपने बोल्ड अंदाज को लेकर आलिया कश्यप अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। आलिया की बॉलिवुड में कई स्टार किड्स से काफी अच्छी दोस्ती है। जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी से वह काफी क्लोज़ हैं। बता दें कि आलिया कश्यप अनुराग कश्यप और उनकी पहली पत्नी आरती बजाज की बेटी हैं। अनुराग और आरती का तलाक साल 2009 में हो गया था। आलिया के बॉलिवुड में आने के सवाल पर अनुराग ने पिछले दिनों के इंटरव्यू में कहा था कि वह यंग हैं और अपना फैसला खुद ले सकती हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि आलिया को भी इंडस्ट्री में आने के लिए संघर्ष करना होगा।

## वरुण धवन ने रखी शादी के बाद घर पर शानदार पार्टी, वीडियो में दिखा सितारों का काफिला



वरुण धवन ने अपनी शादी के बाद अपने घर पर इंडस्ट्री के दोस्तों के लिए बीती रात एक पार्टी रखी। इस पार्टी में मलाइका अरोड़ा, अर्जुन कपूर, सारा अली खान, कियारा आडवाणी, दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ जैसे तमाम स्टार्स शामिल हुए। वरुण धवन और नताशा दलाल की शादी हाल ही में हुई है। दोनों की शादी मुंबई के पास अलीबाग में हुई। वरुण की इस शादी में कुछ करीबी रिश्तेदारों और गिने-चुने मेहमानों को ही बुलाया गया था। खबर थी कि कोरोना के नियमों का पालन करते हुए वरुण की इस शादी में करीब 50 गेस्ट बुलाए गए थे। कहा जा रहा था मुंबई वापस जाकर वरुण इस शादी की रिसेप्शन पार्टी रखेंगे। अब शुक्रवार की रात वरुण ने अपने इंडस्ट्री फ्रेंड्स के लिए इस खास पार्टी का आयोजन किया, जिसमें कई ऐक्टर्स शामिल हुए। जहां अर्जुन के साथ मलाइका यहां पहुंचीं, वहीं दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉ़फ की जोड़ी भी नजर आई। वरुण धवन की कुली नंबर 1 को-स्टार सारा अली खान भी इस पार्टी में मौजूद थीं। हालांकि, पिछले दिनों ही सारा ने अपना अक्ल दांत निकलवाया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियों में रहा। इस पार्टी में अपनी वाइफ के साथ दिनेश विजान, करण जौहर और वरुण शर्मा जैसे सिलेब्रिटीज़ भी शामिल हुए। अपनी वाइफ अंतरा के साथ मोहित मारवाह भी वरुण की इस पार्टी का हिस्सा बने।

## नोरा फतेही के इन डांस परफॉर्मेंस ने इंटरनेट पर लगाई थी आग

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा नोरा फतेही ने एक एक्ट्रेस से ज्यादा बतौर डांसर अपनी पहचान बनाई। उनके डांस के लोग दीवाने हैं। बॉलीवुड में अपने डांस परफॉर्मेंसेस से लोगों का दिल जीत लेने वाली नोरा ने बेहद कम समय से यहां बड़ी पॉपुलैरिटी हासिल की। चाहे पॉप गाने हो या फिर बेली डांस, नोरा ने सभी तरह के परफॉर्मेंस दिए हैं और लोग उनके डांसिंग स्टाइल के दीवाने हैं। आज हम आपके लिए उनके कुछ ऐसे ही डांस वीडियोज लेकर आए हैं जहां उन्होंने अपने हॉट स्टाइल से मानों आग लगा दी है। नोरा इसी तरह से इंटरनेट पर अपने हॉट और शानदार डांस वीडियोज से लोगों का भरपूर ध्यान आकर्षित करती हैं। इसी के साथ नोरा अपने सेक्सी अंदाज से काफी बवाल मचाती हुई नजर आती हैं। इंटरनेट पर इसी के चलते वो काफी सारी फैन फॉलोविंग भी बनाई हुई हैं।



# जान्हवी कपूर ने पुराने महल की तस्वीरें की शेयर, दुनिया की सबसे अच्छी जगह बताया



जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक हेरिटेज जगह से अपनी फोटोज शेयर की है। उन्होंने अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा दुनिया में इतनी जगह घूमीं हूं, लेकिन कोई जगह मुझे इतनी खूबसूरत नहीं लगी। इन तस्वीरों में वह एक पुराने हेरिटेज महल के अंदर खड़ी दिख रही हैं, और दीवारों की नक्काशी बेहद खूबसूरत लग रही है। जान्हवी वर्तमान में अपनी आने वाली फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग कर रही हैं। इसके लिए पंजाब में थीं और अब वो वहां से वापस मुंबई आ गई हैं। खबर है कि फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग पंजाब के पटियाला में किसानों ने रुकवा दी थी, जिसको लेकर जान्हवी से भी प्रतिक्रिया मांगी गई थी। इससे पहले फतेहगढ़ साहिब जिले में भी किसानों ने शूटिंग करने से रोका था। इस मामले पर प्रॉटेस्टर्स का कहना था कि उन्हे किसी से पर्सनल परेशानी नहीं है, अगर फिल्म की टीम किसानों के सपोर्ट में बयान दे देती है तो शूटिंग करने की इजाजत दे दी जाएगी। जान्हवी के पास पाइपलाइन में दोस्ताना फिल्म है जिसमें कार्तिक आर्यन और रूफी अफजाना, राजकुमार राव भी हैं। बता दें कि अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने अपने छोटे फिल्मी सफर में बड़ा नाम कमा लिया है। उनकी पिछली फिल्म गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। इसके अलावा अब वो मलयालम फिल्म हेलेन के हिंदी रीमेक में भी नजर आने वाली हैं। उनके अगले प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी कयास लगाए जा रहे थे मगर अब ये कन्फर्म हो गया है कि बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर की अगली फिल्म हेलेन का रीमेक भी होगी। इस रीमेक में अभिनेता मनोज पाहवा जाह्नवी के पिता का किरदार निभाएंगे।

# नींबू के साथ करें इस खास चीज का उपयोग, दूर होगी डैंड्रफ की समस्या

- डैंड्रफ की प्रॉब्लम यूं तो बहुत सामान्य है लेकिन यदि आप इस समस्या का समय पर कोई समाधान ना करें तो यह हमेशा के लिए रह सकता है। आपको बता दें कि डैंड्रफ सिर्फ आपके बालों को गंदा नहीं करता। बल्कि आपके चेहरे, पीठ, कंधे पर भी कई तरह की समस्याओं को बढ़ाता है।
- जैसे, इन सभी अंगों पर पिंपल और ऐक्ने की समस्या होना या बार-बार खुजली होना। यहां तक कि कई केसेज में कान की खुजली और कान बहने की समस्या में भी डैंड्रफ का बहुत बड़ा रोल होता है।
- त्वचा के बाद यह डैंड्रफ आपके नाखूनों में फंगल इंफेक्शन का कारण भी बन सकता है। यानी डैंड्रफ सिर्फ बालों के लिए नहीं बल्कि त्वचा और नाखूनों के लिए भी हानिकारक है। इसलिए इसे समय पर साफ कर देना ही जरूरी है। यहां हम आपको एक ऐसी आसान विधि बता रहे हैं, जिसके जरिए आप प्राकृतिक रूप से डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं....

### डैंड्रफ हो सकते हैं अलग-अलग कारण

- आपके सिर में अलग-अलग कारण हो सकते हैं। जरूरी नहीं है कि हर बार इस समस्या की एक ही वजह हो। इसी तरह एक ही समय पर अलग-अलग लोगों में डैंड्रफ की वजह भी अलग-अलग हो सकती हैं। लेकिन फिर भी आपको बता दें कि सिर में डैंड्रफ के सबसे सामान्य कारण इस प्रकार हैं...
- बालों में पोषण की कमी
- त्वचा का पीएच स्तर बिगड़ना
- शरीर में पानी की कमी
- केमिकल बेस्ड प्रॉडक्ट्स का ज्यादा यूज
- स्कैल्प (बालों की जड़ों) को साफ न रखना



### नींबू से डैंड्रफ दूर करने का उपाय

- डैंड्रफ को मिटाने के लिए नींबू और नारियल का तेल। आपको चाहिए 2-3 चम्मच नारियल तेल और 1 नींबू। सबसे पहले कटोरी में 2 से 3 चम्मच नारियल का तेल लें और इसमें नींबू का रस मिलाएं। जब दोनों सामग्री अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं तो कॉटन बॉल (रुई का फोहा) की मदद से इस मिश्रण को जड़ों पर लगाएं।
- इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर कम से कम 1 घंटे तक लगा रहने दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से बाल धोएं। आप ऐसे शैंपू का उपोग करें जिनमें रीठा, आंवला, एलोवेरा जैसे प्राकृतिक हर्ब्स का उपयोग किया गया हो।

### इस तरह मिलता है जल्दी फायदा

- नींबू और नारियल तेल को मिलाकर बालों पर लगाने से यह मिश्रण शैंपू से होनेवाले नुकसान को कम करता है। नींबू में साइट्रिक एसिड होता है। यह सिर की त्वचा पपड़ी उतरने की प्रक्रिया को कम करता है। साथ ही इसके अंदर मौजूद ऐंटिफंगल और ऐंटिबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज सिर की त्वचा को इंफेक्शन फ्री करती हैं।

### नारियल तेल के फायदे

- नारियल का तेल बालों की जड़ों में लगाने से स्कैल्प सूखते नहीं हैं। जिससे रूसी की संभावना कम हो जाती है। इसके साथ ही यह तेल आपके सिर की त्वचा में नमी को ब्लॉक करने का काम करता है। इससे बालों में रूखापन नहीं बढ़ता है और पूरा पोषण मिलता है।

### हमेशा दूर रहेगा डैंड्रफ

- सप्ताह में एक से दो बार नींबू और नारियल तेल लगाने के साथ ही आप डैंड्रफ का पर्मानेंट इलाज कर सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि समस्या का कारण क्या है।
- इसके साथ ही आपको अपनी डायट पर ध्यान रखना होगा और हर दिन पर्याप्त मात्रा में पानी भी पीन होगा। ताकि आपके बालों को पूरा पोषण मिल सके।

# सेना की जिंदगी पर आधारित स्क्रिप्ट्स से इसलिए है अमृता पुरी को खास लगाव



अभिनेत्री अमृता पुरी ने बताया कि उनके दादा के भाई जंग के सिलसिले में जेल जा चुके हैं और उनके फूफा भी कारगिल की लड़ाई में शामिल हो चुके हैं। यही वजह है कि किसी जवान या उनके परिवारों की जिंदगी पर आधारित स्क्रिप्ट्स से वह खास लगाव रखती हैं। अब तक अमृता ऐसी दो परियोजनाओं का हिस्सा बन चुकी हैं, जो इसी विषय वस्तु पर आधारित रही है। इनमें से एक है 'प्रिजनर ऑफ वॉर' और दूसरी है हालिया रिलीज 'जीत की जिद।' एक कलाकार के तौर पर उन्हें इनकी कहानियां काफी पसंद आई।अमृता कहती हैं, मैंने अपने दादाजी के छोटे भाई से सुना है कि किस तरह से चीन के साथ जंग के दौरान उन्हें युद्ध बंदी बनाकर रखा गया था। उनका नाम कर्नल तिलक पुरी है और वह आज भी जिंदा हैं। उन्होंने हमें बताया था कि किस तरह से उन्हें छह महीने युद्ध बंदी के तौर पर गुजारे थे। उन्हें भारत-तिब्बत सीमा से पकड़ा गया था। अमृता आगे कहती हैं, आर्मी ने उन्हें लापता घोषित कर दिया, यह मान लिया गया कि उनकी मौत हो चुकी है। हालांकि उनकी पत्नी इस बात को नकारती रहीं। उनका मानना रहा कि वह जिंदा हैं और जरूर लौटेंगे और वह लौटे। हालांकि कई ऐसे भी लोग रहे, जिन्होंने अपनी वापसी नहीं कीं। मेरे फूफा भी कारगिल की जंग में शामिल हो चुके हैं और मैं जानती हूं कि उनकी गैर-मौजूदगी मेरी बुआ को कितनी खलती थी। वह कैसे हैं, कहां हैं, कोई नहीं जानता था, बस दिल में सकारात्मक सोच रखते हुए वह अपने बच्चों के लिए डटी रहीं।

# भद्दी है बच्चे की हैंडराइटिंग, तो डांटने की बजाय इन तरीकों से लाएं सुधार



बहुत ही कम बच्चे ऐसे होते हैं जिनकी हैंडराइटिंग यानि लिखावट अच्छी होती है। किसी बच्चे की हैंडराइटिंग बहुत सुंदर होती है, तो किसी की लिखावट समझ तक नहीं आती है। जिन बच्चों की लिखावट अच्छी नहीं होती है या समझ नहीं आती है, उन्हें स्कूल में अपनी टीचर से बहुत डांट पड़ती है। वहीं गंदी हैंडराइटिंग का असर बच्चे के ग्रेड पर भी पड़ता है। अगर आप भी अपने बच्चे की गंदी हैंडराइटिंग को लेकर परेशान हैं तो यहां बताए गए कुछ तरीकों की मदद से आप उसकी लिखावट में सुधार ला सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में।

### दिक्कत क्या है

- बच्चे की हैंडराइटिंग को सुधारने के लिए कोशिश करने से पहले आपको यह जानना है कि उसकी खराब लिखावट का कारण क्या है। इस तरह आप सही दिशा में काम कर पाएंगे।
- बच्चे से अपने विचारों को लिखने या किताब का कोई पन्ना लिखने के लिए कहें। इस दौरान ध्यान दें कि बच्चा पेन या पेंसिल को कैसे पकड़ता है और वो क्या वजह है जिससे उसक लिखावट खराब होने लगती है। जब आपको खराब लिखावट के कारण का पता चल जाएगा, तब आपको उसे ठीक करने में थोड़ी आसानी होगी।

### ग्रिप को करें चेक

- खराब लिखावट का प्रमुख कारण अक्सर ग्रिप होती है। अगर बच्चा पेन या पेंसिल को अंगूठे, मध्यमा अंगुली और तर्जनी अंगुली से पकड़ रहा है तो ठीक है। कई बार बच्चे पेन को बहुत टाइट पकड़ लेते हैं जिससे हाथ थक जाता है और राइटिंग खराब होने लगती है।
- ग्रिप को ज्यादा टाइट रखने की जरूरत नहीं है। कागज पर बहुत ज्यादा प्रेशर की वजह से भी लिखावट खराब होती है। इस ओर ध्यान दें कि लिखते समय बच्चा पेन या पेंसिल पर कितना दबाव बना रहा है।

### पोस्चर पर दें ध्यान

सही पोस्चर से भी हैंडराइटिंग को सुधारने में मदद मिल सकती है। लिखते समय अपने बच्चे के पोस्चर पर ध्यान दें। लिखते समय बच्चे की पीठ सीधी होनी चाहिए और पैरों को अच्छा सपोर्ट मिलना चाहिए। कूल्हों, घुटनों और एडियों को 90 डिग्री के कोण में झुकाकर रखें और डेस्क पेट जितनी ऊंचाई पर होना चाहिए।

- लिखते समय सही पोस्चर में बैठने से मांसपेशियों पर दबाव कम पड़ता है और जोड़ों में थकान और दर्द नहीं होता है।

### सही टूल जरूर चुनें

- अच्छी हैंडराइटिंग के लिए सही राइटिंग टूल चुनना भी जरूरी है। आमतौर पर टीएनज बच्चे पेन से लिखे हैं। बच्चेके लिए पेन खरीदते समय उसकी ग्रिप, चौड़ाई, टिप और लिखावट चेक करें। रबड़ की ग्रिप वाले पेन से प्रेशर कम पड़ता है।
- अगर आपके बच्चे की हैंडराइटिंग खराब है तो यह जानने की कोशिश करें कि उसे कर्सिव हैंडराइटिंग रूल्स के बारे में कितनी जानकारी है। बच्चे को कर्सिव राइटिंग समझने में मदद करें। इसमें आप कर्सिव वर्कबुक की मदद भी ले सकते हैं।

### हाथ की मांसपेशियों को मजबूती

- लिखते समय हाथ, उंगलियों, हथेलियों और कलाई की मांसपेशियों का इस्तेमाल होता है। लिखने के लिए इन मांसपेशियों को मजबूत करना जरूरी है। इससे हाथ जल्दी थकता नहीं है।
- सिलाई, कढ़ाई या कैंची चलाने से उंगलियों और हाथ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

## आ गई अक्षय कुमार की सूर्यवंशी की रिलीज डेट, कुछ खास सिनेमाघरों में होगी रिलीज?



रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की फिल्म सूर्यवंशी पिछले साल 2 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। फिल्म रिलीज हो पाती इससे पहले ही कोरोना वायरस के कारण पूरे देश में लॉकडाउन लगा दिया गया और यह फिल्म तब से रिलीज ही नहीं हो सकी है। अब खबर आ रही है कि सूर्यवंशी को इस साल उसी तारीख यानी 2 अप्रैल को रिलीज किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि फिल्म को थोड़ा अलग तरह से रिलीज किया जाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म को पूरे देश में केवल सिंगल स्क्रीन थिअटर्स और नॉन-नैशनल मल्टीप्लेक्सेस में रिलीज किया जाएगा। इसका मतलब यह है कि फिल्म को देशभर के बड़ी मल्टीप्लेक्स की चेन जैसे पीवीआर, इनॉक्स, कार्निवल में रिलीज नहीं किया जाएगा। फिल्म को केवल छोटे सिनेमाघरों में ही रिलीज किया जाएगा। अगर ऐसा होता है तो फिल्म का फायदा मल्टीप्लेक्स चेन्स को नहीं हो पाएगा। हालांकि छोटे सिनेमाघर जरूर इस फिल्म से मोटा फायदा कमा सकते हैं। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि फिल्म एक बार फिर भीड़ को वापस थिअटर्स की तरफ खींचने में कामयाब हो पाती है या नहीं।

# 'भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड ।भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति पर आयोजित शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त व्याख्याता आरएन तिवारी ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का राष्ट्रीय जीवन में हिन्दुत्व के प्रति उनके अटूट प्रेम की भावना जागृत हुई साहित्य और संस्कृति और दर्शन उनके महत्वपूर्ण विषय थे अपने अद्भुत विचारो के साथ राष्ट्र एवं देश के युवाओ शिक्षा के क्षेत्र मे ऊर्जा भरने का काम किया वेअपने माता पिता की ईश्वरीय संतान थे ,वे शिक्षा के बडे पक्षकार रहे उन्होने भारतीय संस्कृति का देश विदेश मे प्रचार प्रसार किया ।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो इकवाल अली ने कहा भारतीय संस्कृति हमारे देश की मुख्य पहचान है मातृभाषा हिंदी और संस्कृति दोनों एक समान विद्यार्थियों के ज्ञान को आगे ले जाती है सर्वप्रथम हमारे गुरु कौन है जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है जिसने हमें जन्म दिया माता पिता वह वही हमारे प्रथम हैं दूसरे स्थान पर धार्मिक तौर पर हम अपने संतो से गुरु दक्षिणा लेकर अपने हृदय में उन्हें प्रकट करते हैं यह महिमा ही हमारी संस्कृति की धरोहर है ज्ञान बुद्धि और विवेक यह हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण अनुकरणीय है जिसका अध्ययन हम सब विद्यार्थियों को करना चाहिए उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा श्रीमत राम कथा और महर्षि वाल्मीकि विश्वामित्र भी राजा दशरथ के पुत्रों के गुरु थे जिन्होंने भगवान राम और लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न और लव कुश को धनुष बाण से लेकर सभी अस्त्र-शस्त्र शिक्षाओं में निपुण किया था यही भाव हम सब के विद्यार्थियों के मन में होना चाहिए 7

शिक्षक दिवस के अवसर पर साहित्य कवि के रूप में और शिक्षक सुनील त्रिपाठी निराला ओपी दोहरे सुनील लखेर




ने भी अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को शिक्षा में निपुण होने के कई उपाय बताकर उन्हें जागृत किया ।सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता एवं डॉ राधाकृष्णन भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विस्तृत शुभारंभ किया जिस का संचालन जिस का संचालन इंग्लिश मनीष शर्मा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया ।

भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीतेश शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन इंग्लिश ट्यूटोरियल्स के संचालक मनीष शर्मा ने गिर्राज पैलेस में आयोजित किया जिसमें शिक्षक सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त व्याख्याता आर्यन तिवारी, प्रोफेसर इकबाल अली, सुनील त्रिपाठी, ओपी दौहरे ,सुनील लखेरे का मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी, प्रतीक पांडे ,धर्मेंद्र सोनी, पवन भारद्वाज सहित महाराणा प्रताप मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह बैठकर उन्हें सम्मानित किया ।

आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भिण्ड के वरिष्ठ शिक्षकों उपेन्द्र मिश्रा, एमके जैन , संजीव सेंगर, एम एस कुशवाह जी का सम्मान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव कांकर ने किया। इस अवसर पर भाजयुमो नेता प्रतीक पाण्डेय, अजीत शर्मा गोपाल सोनी, पवन भारद्वाज उपस्थित रहे ।

## वन-टू-वन



### अम्बाह अमृत महोत्सब पर फिट इंडिया फ्रीडम रन- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है : नीलेश शर्मा

**केशब पडित जी, पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है किसी भी राष्ट्र/समाज की प्रगति उसकी जन स्वास्थ्य की स्थिति पर निर्भर करती है किसी भी व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और बौद्धिक स्वास्थ्य सही होने पर ही वह अपना शत-प्रतिशत किसी भी कार्य को दे पाता है यह बात दिनांक 5 सितंबर रविवार को स्वतंत्रता के 75 वर्ष पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷फिट इंडिया फ्रीडम रन ÷ कार्यक्रम में योगा मास्टर ट्रेनर श्री नीलेश शर्मा जी ने कही द्य यह कार्यक्रम अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह की रा.से.यो. इकाइयों द्वारा जयश्वर पार्क में आयोजित किया गया द्य इसमें शर्मा जी द्वारा रा. से.यो. स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई द्य इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री पंकज सिंह, डॉ. श्रीमती रक्षा कम्मठान ,नेहा श्रीवास्तव तथा रिचा गुप्ता , रासेयो स्वयंसेवक मलखान, धीरेंद्र दिवाकर ,शिखा ,खुशी ,मयंक तथा अन्य स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।



### अम्बाह शिक्षक दिबस के शुभ अबसर पर प्रजापति समाज द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान...

**केशब पडित जी, पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह । भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन युवा संगठन अंबाह द्वारा आज शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर प्रजापति समाज के शिक्षकों को माला पहनाकर एवं शॉल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान प्रजापति धर्मशाला तालाब रोड अंबाह में किया गया इस कार्यक्रम में प्रजापति समाज के सैकड़ों शिक्षक एवं युवा एकत्रित हुए इस शुभ अवसर पर समाज के कई बुद्धिजीवी भी उपस्थित रहे साथ ही कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष आदरणीय संतोष प्रजापति जी एवं उपाध्यक्ष श्री सुनील प्रजापति जी, प्रवक्ता सुनील प्रजापति और अंबाह टीम के ब्लॉक अध्यक्ष श्री जंडेल प्रजापति जी एक्स आर्मी , शैलेंद्र प्रजापति जी रीडर ब्लॉक उपाध्यक्ष , हरेंद्र प्रजापति सचिव, दिनेश प्रजापति कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रजापति सह कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र प्रजापति पटवारी महामंत्री, अनिल प्रजापति ग्रामीण मंत्री अशोक प्रजापति मीडिया प्रभारी मदन प्रजापति सह मीडिया प्रभारी, विष्णु गोले वरिष्ठ सलाहकार अरविंद प्रजापति मुख्य सलाहकार, इंजीनियर सुरेश गोले संरक्षक, दलवीर प्रजापति संगठन मंत्री राजीव प्रजापति सह संगठन मंत्री, जीतू प्रजापति एवं सभी सदस्य मौजूद रहे।



### लोधी समाज की बैठक हुई संपन्न लोधी समाज के तहसील अध्यक्ष बने गोपाल भगत

खेरागढ़ थाना क्षेत्र के पुल रोड़ स्थित सत्यसाई एजूकेशनल एकेड़मी में रविबार को लोधी समाज की बैठक आयोंजित की गई बैठक का शुभारंभ पंचम सिंह बाबू जी ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रजुलित कर किया बैठक में सर्व सम्मति से गोपाल भगत को तहसील अध्यक्ष,जितेन्द्र प्रधान को कोषाध्यक्ष ,केपी सिंह महामंत्री नियुक्त किया गया जहां लोगों ने नव नियुक्त पदाधिकारीओं को फूल माला तथा स्वाफा बांधकर स्वागत किया गया। इस मौके पर गोविंद प्रधान,कमल सिंह,फतेह सिंह,टीकम सिंह, चद्रभान, भरत सिंह,भीकम सिंह, रामगोपाल, हरिपाल सिंह, प्रमोद कुमार,कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवा मंडल रामपुरा ने अमृत महोत्सव मनाया

**पुष्पांजली टुडे**

पाली। रोहट के निकटवर्ती रामपुरा गांव में नेहरू युवा केंद्र पाली की ओर से अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। इस महोत्सव को लेकर नवयुवक मंडल रामपुरा के सहयोग से रविवार को भैरु जी मंदिर प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव का आगाज फिट इंडिया,फ्रीडम रन के साथ किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पंच धनाराम लोहार के मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित किया गया। लोहार ने कहा कि देश की आजादी में गौरव सैनानियों के योगदान को जान कर उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए साथ ही नवयुवक मंडल रामपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश सैन ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में सुमेर लाल साटीया अजय पटेल, ढलाराम पटेल, श्रवण सेन चंद्रप्रकाश मेघवाल, प्रकाश मेघवाल आदि मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला शक्ति संगठन द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**
9691338626

पिछोर में शिक्षक सम्मान समारोह महिला शक्ति संगठन द्वारा आयोजित किया गया स्वतंत्र भारत की प्रथम माननीय उपराष्ट्रपति जी महान शिक्षाविद एवं भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी की जयंती पर पिछोर में शिक्षक सम्मान समारोह महिला शक्ति संगठन द्वारा आयोजित किया गया इस अवसर पर भाजपा कोलारस के लोकप्रिय विधायक श्री वीरेंद्र रघुवंशी जी जिला अध्यक्ष श्री राजू बाथम जी जिला महामंत्री श्री जगराम सिंह यादव जी पिछोर मंडल अध्यक्ष श्री राहुल रहोरा जी श्रीमती पूनम राजोरिया जी व महिला शक्ति संगठन की सभी सामान्य सदस्य एवं सम्मानीय शिक्षक गण उपस्थित रहे इस अवसर पर मुख्य रुप से जिला महामंत्री श्री जगराम सिंह यादव जी ने आए हुए अतिथियों का बब्बू रूप से स्वागत किया गया शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला महामंत्री जी द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और कहा की शिक्षकों का मान सम्मान हर समय हर घड़ी एवं जीवन भर के लिए करना




चाहिए जिससे जीवन में सत मार्ग की ओर केवल गुरु का ज्ञान है ले जाता है अंधकार से हटाकर उजाले की तरफ गुरु ज्ञान ले जाता है इसलिए सभी का दायित्व बनता है के गुरुओं का बड़े ही प्रेम एवं श्रद्धा भाव से मान सम्मान करना और उनके अनुशासन पर चलने का प्रयास मनुष्य के लिए करना चाहिए जैसे कि कवि ने कहा है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पार बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए दोहा का अर्थ है कि गुरु और भगवान दोनों खड़े हैं और सीश ने कहा गुरु भगवान दोनों मेरे सामने खड़े हैं इनमें से कौन बड़े हैं तो भगवान ने जवाब दिया पहले गुरु इसके बाद भगवान इसलिए गुरु के अनुशासन पर सदैव चलना चाहिए।

# विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला श्योपुर की कार्यकारिणी घोषित

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



श्योपुर । विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला श्योपुर की बैठक हजारेश्वर उद्यान में रखी गई जिलाध्यक्ष धारासिंह मीणा द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक सम्मलित हुए आज की बैठक में सर्वसम्मति से विकलांग बल श्योपुर के जिलाध्यक्ष द्वारा जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई एवं बैठक में जिलाध्यक्ष धारा सिंह मीणा द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की आने वाले समय में श्योपुर जिले के विकलांगों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाना है और शासन, प्रशासन, एवं जनप्रतिनिधियों को विकलांगजन को हो रही परेशानी के बारे में अवगत कराना है एवं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की 3 अगस्त को श्योपुर जिले में आई त्रासदी बाढ़ से जिन विकलांगों के घर डूब गए या सामान बह गया उन सभी बाढ़ पीड़ित विकलांगों को शासन के माध्यम से मुवावजा उपलब्ध कराना है जिलाध्यक्ष द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती अनीता राठौर, श्रीमती मोहिनी प्रजापति, मुकेश मीणा, राजेंद्र बैरवा, सीताराम प्रजापति, सचिव संजय वर्मा, सह. सचिव मो. इब्राहिम शाह, धरती (किन्नर), कोषाध्यक्ष सतीश नागर, कार्यालय मंत्री तोशिफ अंसारी एवं सदस्य मोहसिन खान, सिद्दीक खान, शरीफ अब्बासी, विष्णु मीणा, धर्मराज मीणा, राकेश प्रजापति, श्रीमती सीमा प्रजापति, बबलू बंजारा, रेखा आदिवासी, रिजवान अली को बनाया गया!



### आंगनबाडी कार्यकर्त्ता प्रियंका गुप्ता ने वेक्सीन लगवाने के लिए वार्ड में घर घर जाकर जागरूक किया

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**


श्योपुर । वैक्सिंग अभियान के तहत वार्ड नंबर 22/23 में घर घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक किया वैक्सिंग अभियान के लिए श्योपुर कलेक्टर शिवम् वर्मा अपर कलेक्टर, महिला बाल विकास अधिकारी ओ पी पांडे, सीडीपीओ गौरव दुबे कांग्रेस नेता चीनी कुरेशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वार्ड 23 सी कुमारी प्रियंका गुप्ता वार्ड 23 बी ममता शर्मा कार्यकर्ता वार्ड 23 ए उमाहनि कार्यकता वार्ड 22 इंदिरा जाटव कार्यकर्ता सब्बो बानो, गुलजार बानो, शबनम बानो सहित सभी वार्ड की सहायिकाओ के साथ घर-घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया!

# मेहगांव नगर पालिका उड़ा रही है स्वच्छता अभियान की धज्जियां नगर पालिका की बड़ी लापरवाही

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव नगर पालिका इतनी लापरवाही बरत रही है कि आम जन काफी परेशान है आज फिर नया मामला वार्ड नंबर 7 हनुमान रोड नाथू सिंह गुर्जर राधे गुर्जर कुंवर सिंह गुर्जर गजेंद्र गुर्जर योगेंद्र गुर्जर सभी लोगों ने 3 महीने पहले आवेदन दिया था जलभराव को लेकर नालियों की सफाई ना होने के कारण रोड पर पानी भरा हुआ है पर 3 महीने से आज तक वहां पर कोई सफाई नहीं हुई यहां तक की कोई कर्मचारी देखने तक नहीं गया उन लोगों को इतनी परेशानी है कि रोड पर जलभराव होने के कारण कचरे की गाड़ी उनके द्वार तक नहीं जाती जिससे कि कचरा भी रोड पर ही फेंक रहा है स्वच्छता अभियान का पाठ पढ़ाने वाले भूल गए हैं कि स्वच्छता क्या चीज होती है जिससे वह लोग काफी परेशान हैं उनको निकलने तक की





जगह नहीं है रोड पर काफी पानी भरा हुआ है और कीचड़ से बीमारियों को दिया जा रहा है निमंत्रण बीमारी फैलने का डर के साए में जी रहे हैं लोग मेहगांव नगर पालिका बेहद लापरवाही बरत रही है क्योंकि उन लोगों ने बताया कि हमारी बस्ती में कभी कचरे की गाड़ी नहीं आती और सीएमओ साहब अपने घर पर छुट्टियां काट रहे हैं आम जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है जिस पर कोई आला अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं प्रधानमंत्री की मनसा को लगा रहे हैं पलीता नगर पालिका पहुंच कर सीएमओ साहब छुट्टी पर होने के कारण पत्रकार ने सीएमओ साहब को फोन लगाया तो सीएमओ साहब फोन उठाकर बोला मैं 15 दिन की छुट्टी पर हूं 15 दिन बाद मिलेंगे।

# खेरागढ़ जहा सेठ बाबूलाल कॉलोनी देवी मंदिर के पीछे बना बीमारियों का अड्डा





**पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ । जहा हमारे मुख्य मंत्री श्री आदित्य नाथ योगी जी और हमारे प्रधान मंत्री स्वच्छता अभियान की बात करते है और यहा कोई स्वच्छता है ही नही लोग परेशान है परंतु प्रशासन की नीद अभी नही खुली है

*प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्वच्छता अभियान हुआ फेल*

पूरा मामला थाना खेरागढ़ का है जहा सभी मकानों के बीच में भरा हुआ है गंदा पानी और जहा कोई कोई भी साफ सफाई नही हुई और नही कोई भी दबा चिड़काब हुआ लोगो का गंदगी एवम गंदे पानी के भरे होने के कारण मच्छरों प्रकोप अत्यधिक है लोग बुखार से ग्रस है परंतु सेठ बाबूलाल कॉलोनी की तरफ किसी का भी ध्यान नही गया कॉलोनी वासियों का कहना है की हमारी आपसे विनम्र निवेदन है की कृपया करके हमारी समस्याओं का संधान करवाने की कृपा करे।

### समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने विकलांगो के घर जाकर 50 हजार रूपए का आर्थिक सहयोग दिया

**पुष्पाजंली टुडे**

. मैसूरु.जिला के हुणसूर तहसील के गाँव कटेमललवाड़ी निवासी अंजलि (22), स्वाति (23),महेश (28) नामक ग्रामीणो को जन्म के दस वर्ष बाद हाथ पांव कमजोर होने की वजह से अपंगता का शिकार होना पड़ा है द्य परिजनो ने पत्रिका को बताया कि हमने चिकित्सको से स्वास्थ्य जांच हेतु परामर्श लिया था द्य चिकित्सक ने इलाज लंबे समय तक चलने की बात कही द्य मगर परिजनो की



आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज का खर्च वहन में असमर्थता जताई द्य पीड़ितों की आर्थिक सहायता करते हुए समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की द्य ग्राम पंचायत अध्यक्ष नटराज में कहां की हम गांव में नागरिको के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु खोदे गए नलकूप व तालाब के पानी की गुणवत्ता की जांच करवाने की हमने सरकार से व संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की है द्य इस प्रकार के रोगों से लगभग गांव के आठ परिवार ग्रसित हैं द्य इस अवसर पर रवि पांडवपुर, शिवण्णा,रवि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

वन-टू-वन



## गायत्री शक्तिपीठ खतौरा पर शिक्षक दिवस पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए परिजनों द्वारा किया गया 51 शिक्षकों का सम्मान

**संजीव शर्मा रिपोर्टर**

शिवपुरी खतौरा- गायत्री शक्तिपीठ खतौरा पर शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम देव पूजन फिर टोली स्वागत तत्पश्चात सभी आए हुए शिक्षकों का बारी-बारी से सह सम्मान किया गया गायत्री परिवार का दुपट्टा एवं पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखित पुस्तक सभी शिक्षकों को भेंट की इसी उपलक्ष पर पधारे हुए परिजनों द्वारा गुरुदेव का संदेश एवं आदरणीय दीदी का संदेश जो लेकर आए हुए थे वह हम सबके सामने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा करोना काल में जो परिजन देव आत्माओं में विलुप्त हो गए हैं ऐसी परिजनों के लिए श्रद्धांजलि दीदी ने अपने आंसुओं के साथ दी है वह हम सब को बताई और उन्होंने साथ ही शिक्षकों को सभी शिक्षकों को बताया कि आप बच्चों के लिए संस्कार शाला चलाएं और बच्चों को गुरुदेव की पत्रिका एवं गुरु देव के विचार किताब के माध्यम से एवं गायत्री ग्रुप ऐड करके उस के माध्यम से बताएं गुरुदेव की लिखित पत्रिका पढ़ाऐं और बच्चों का मनोबल और उत्साह बढ़ाएं। इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ खतौरा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री सज्जन सिंह के नाती के जन्म के शुभ अवसर 11 गरीब महिलाओं को साड़ी भेंट की गई कार्यक्रम में उपस्थित हमारे गायत्री शक्तिपीठ खतौरा के सभी कार्यकर्ता आदरणीय श्री वृंदावन सोनी जी, श्री प्रमोद शर्मा जी ,श्री राजीव राठौर ,श्री महेंद्र सिंह यादव ,श्रीराम यादव भहादरा, श्री केशव सिंह भदोरिया इंदार ,श्री राजेंद्र सिंह रघुवंशी अध्यक्ष विनका ,श्री रणवीर सिंह दादू खेड़ी, श्री अशोक ओझा बरौनी, श्री देवीलाल राठौर रन्नौद, एवं जिला टेस्ट शिवपुरी के समस्त परिजन एवं महिला मंडल खतौरा की सभी बहन है आदि मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश में अवैध कालोनी बनाने वाले कालोनाइजर को होगी सात साल की सजा

**केशब पडित जी, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। नगर पालिक विधि संशोधन अधिनियम को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। अब मध्य प्रदेश में अनाधिकृत (अवैध) कालोनी के निर्माण पर सख्ती से रोक लगाई जा सकेगी। नई व्यवस्था के तहत अवैध कालोनी निर्माण करने वाले कालोनाइजर को कम से कम तीन और अधिकतम सात वर्ष की कैद और दस लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जा सकेगा। ऐसे अवैध निर्माण को रोकने की जिम्मेदारी वाले अधिकारियों के लिए भी कानून में प्रविधान किए गए हैं। उन पर तीन वर्ष की कैद और दस हजार रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से अवैध कालोनियों के निर्माण को सख्ती से रोका जा सकेगा। यहां भवन या भूखंड खरीदने वाले नागरिकों को भी कालोनियों में विकास कार्य नहीं होने संबंधी परेशानियों से राहत मिल सकेगी। शहर में 593 से अधिक है अवैध कालोनियां उल्लेखनीय है कि शहर में 593 अवैध कालोनियां हैं। इनमें से शहरी क्षेत्र की 150 से अधिक व ग्रामीण क्षेत्र में 443 अवैध कालोनियां शामिल हैं। इन कालोनियों में लाखों लोग रह रहे हैं। विगत दिनों सरकार के निर्देश पर कुछ अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की गई थी। सबसे ज्यादा अवैध कालोनियां रातीबड़, नीलबड़, कलखेड़ा, चौपड़ा कला, ईंटखेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में काटी गई हैं। यहां विगत पांच साल के भीतर सैकड़ों अवैध कालोनियां बनाई गई थीं। अब तक सरकार ने वर्ष 2019 तक काटी गई अवैध कालोनियों को वैध किया है। विगत दिनों अवैध कालोनी काटने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान अवैध कालोनी काटने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज कराई गई थी। नगर निगम सीमा क्षेत्र में ही अवैध कालोनी काटने वाले करीब 100 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने के लिए जिला प्रशासन ने नगर निगम को सूची सौंपी थी। बता दें कि अब वर्ष 2019 के बाद काटी गई अवैध कालोनियों को नगरीय निकाय चुनाव के चलते वैध करने की तैयारियां की जा रही हैं।

# 'डॉ.श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में एक दर्जन से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान एक दर्जन से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रौन। स्वर्गीय श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम मैं आकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। नवांकुर संस्था पं.श्री गंगाधर बरुआ लोक कल्याण एवं शिक्षा प्रसार समिति रौन के सौजन्य से और जन अभियान परिषद रोन के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में जिन शिक्षकों का सम्मान किया गया है यह बहुत ही सराहनीय पहल है। आप सब से यह जानकारी साझा करता हूं कि स्वर्गीय श्याम बिहारी शर्मा जी शिक्षक थे और वे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी विशेष रूचि रखते थे। उनके द्वारा समाज के हर वर्ग को को ध्यान में रखते हुए कार्य किए गए वह केवल भिंड में ही नहीं बल्कि प्रदेश में समाज कार्यों के लिए जाने जाते थे, फिर चाहे प्याऊ लगवाने की बात हो चाहे या अन्य सामाजिक गतिविधि हर गतिविधि में संजीदगी के साथ लग जाते थे। कोरोना की पहली लहर में उन्होंने न केवल घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया बल्कि यथासंभव गरीब लोगों की मदद भी की ऐसी पुण्य आत्मा की स्मृति में और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थिति देकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। आप सभी को पता है देश में कोरोना की तीसरी लहर की भनक सुनाई देने लगी है ऐसे में हमें बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है हम कोरोना गाइडलाइंस का पालन करें। उचित दूरी बनाए रखें। मास्क का नियमित उपयोग करें। भीड़ भरी जगहों पर जाने से बचें,और यथासंभव होशियारी बरतें। जिससे कि हम इस तीसरी लहर को रोक सके। वैक्सीनेशन अधिक से अधिक कराएं क्योंकि वैक्सीनेशन ही कोरोना का एकमात्र इलाज है अतः अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन करा कर कोरोना जैसी महामारी से बचाव करें। उक्त विचार डॉ श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने व्यक्त किए।



कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधा राधाकृष्णन जी के छायाचित्र अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा जयप्रकाश शर्मा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने कहा 5 सितंबर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है डॉ राधा राधाकृष्ण 40 वर्षों तक शिक्षक रहे और इस कार्य अवधि में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विभिन्न कार्य किए शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है, जो विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन जीने की शैली सिखाता है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान समाज का कर्तव्य है और इस कड़ी में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में यह आयोजन सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्राचार्य अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा एक श्रेष्ठ शिक्षक को विद्यालय और विद्यार्थियों को स्वयं अपना समझ कर व्यवहार करना चाहिए, तभी वह श्रेष्ठ शिक्षक की श्रेणी में गिना जा सकेगा। सभी सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों को मंचासीन कर तिलक लगाकर श्रीफल और सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुछ शिक्षकों ने अपने शिक्षक जीवन केसकारात्मक अनुभव प्रेरणाप्रद विचार सभी लोगों के साथ साझा किए।

कार्यक्रम में श्रीमती सरला कुशवाह, श्रीमती मीरा कुशवाहा, बीपी त्यागी, बृजेंद्र पाल सिंह, नरेश प्रसाद त्यागी, महादेव सिंह चौहान, वीर सिंह बघेल, जय लाल सिंह कुशवाह, आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर के अवधेश सिंह बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा, जयेस सिंह कुशवाह, आशवेंद्र सिंह राजू, जयकरन सिंह, डॉ लाखन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, फक्कड़ राठौर, मिथिलेश चौहान,सोनू कर्ण, दीपक कुशवाह,गौरव झा सहित आधा सैकड़ा से अधिक सम्मानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रेम नारायण बरुआ सदस्य बाल कल्याण समिति भिण्ड और आभार श्री हरी बाबू निराला द्वारा किया गया।

## स्व. श्रीमती गजाबाई सिर्वी हम्मड़ बदनावर कि स्मृति में श्री योगमाया आईमाता नवदुर्गा मंदिर उज्जैन में सोने का 2 तोला छत्र भेंट किया

**पुष्पाजंली टुडे**

बदनावर धार म प्र - गत 23 मई 2021 को आईजी पब्लिक स्कूल बदनावर के संचालक गिरधारीलाल सिर्वी हम्मड़ की माताजी का निधन हो गया था। आज 4 सितम्बर 2021 को अपनी माताजी की बरसी के कार्यक्रम में गिरधारीलाल ने श्री योगमाया आईमाता नवदुर्गा मंदिर उज्जैन में सोने का 2 तोले छत्र भेंट किया। *36000 रुपये उज्जैन मंदिर में एक दिवसीय भोजन एवं नाश्ता* के लिए सप्रेम भेंट, *बदनावर में श्री आईमाता जी मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपये की घोषणा, 1100 रुपए योगमाया नव दुर्गा मंदिर में 1 माह की प्रसादी के निमित्त व 1100 रुपए श्री आईमाता जी मंदिर बदनावर को सप्रेम भेंट ,1100 श्री आईमाता मंदिर सेमलिया,श्री लक्ष्मी गौशाला बदनावर एक बोरा खल ,एक ट्राली कड़प ,11 किलो गुड़,1100 रुपये गौशाला बालोद , 1100 रुपये गौशाला कठोडिया , 2000 श्री सहयोग सेवा संस्थान बदनावर कोविड मरीज के भोजन हेतु,1100 रुपये शीतलामाता मंदिर,बदनावर मंदिर निर्माण हेतु,1100 रुपये ज्ञानदीप मंडल बदनावर पक्षियों के लिए सकोरा



,1100 रुपये गायत्री शक्ति पीठ ,बदनावर निर्माण कार्य हेतु कार्यक्रम में पधारे हुए सभी वरिष्ठ समाज सेवक रामलाल सेणचा,मनोहरलाल मुकाती, भगवान लछेटा, कांतिलाल गेहलोत, रमेश गेहलोत, जगदीश परमार, हीरालाल भायल ,दशरथ सिन्दडा, ओमप्रकाश भारतीय टेलर ,देवपाल सिंह जाधव ,सुजीत धोड़पकर ,डॉ.तेजालाल राठौर,बाबूलाल चौधरी, डॉ मोहन बर्फा और सभी ज़िले से आये बंधुओ ने पुष्पांजलि समपिर्त की।

## जैन मंदिर धर्मशाला की दीवार गिरने से एक युवक की मौत 4 लोगों पर हुआ मामला दर्ज



**मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

गोहद गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत धर्म नगर वार्ड क्रमांक 18 में नव निर्माणाधीन जैन मंदिर धर्मशाला की पुरानी दीवार अचानक से भरभरा कर गिर गई जिससे वहां मौजूद मंगल पुत्र रामकरण राठौर उम्र 32 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया जिसे स्थानीय निवासियों द्वारा पुलिस की मदद से गोहद अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर अवस्था में ग्वालियर रेफर कर दिया गया रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया घटना से गुस्साए परिजनों ने थाना परिसर में एकत्रित होकर प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें निर्माणाधीन मंदिर की देखरेख कर रहे अशोक जैन रामस्वरूप जैन विकास जैन सुरेश जैन के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शब उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



## जितेंद्र यादव ने किया एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट मरीज का होना था ऑपरेशन'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी। जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य जितेंद्र यादव जी ने एक मरीज का ऑपरेशन होना था और उनको ब्लड नहीं मिल रहा था उसी टाइम समिति के अध्यक्ष अमित गोयल के पास कॉल आया हमको एबी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है मरीज का ऑपरेशन रुका हुआ है ब्लड नहीं मिलेगा जब तक ऑपरेशन नहीं होगा उसी टाइम समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने जितेंद्र यादव जी को कॉल किया जितेन यादव ने एक कॉल पर आकर उन्होंने जगदीश चंदेल को एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया वह ब्लड लगने के बाद उनका ऑपरेशन किया जाएगा जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी एनजीओ रक्त वीर जितेंद्र यादव जी का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है ओर साथ में संजीव परिहार जी का भी धन्यवाद आभार व्यक्त करती है जो साथ में उनको लेकर आए रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान।

## श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री बृजेश तोमर को चुना गया

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

9179661562

भिंड / राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा की बैठक भिंड किरतपुरा में हुई। जिसमें संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय संरक्षक श्री अशोक सिंह भदोरिया जी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी की अध्यक्षता में श्री ब्रजभान सिंह तोमर जी को युवा जिला अध्यक्ष जिला भिंड का दायित्व सौंपा गया बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री संतोष सिंह भदोरिया जी ग्वालियर संभाग उपाध्यक्ष श्री रामवीर सिंह परिहार जी भिंड जिला प्रभारी श्री उपेंद्र सिंह भदोरिया जी चंबल संभाग संगठन मंत्री श्री उमेश सिंह भदोरिया जी ग्वालियर चंबल संभाग मीडिया प्रभारी श्री गुलशन सिंह भदोरिया जी श्री सरवन सिंह चौहान जी श्री पूरन सिंह भदोरिया जी श्री राम गोविंद सिंह राजावत जी श्री मनमोहन सिंह तोमर जी श्री महेंद्र सिंह तोमर जी श्री कृष्णपाल सिंह जादौन जी श्री बल्लू



सिंह तोमर जी श्री दिग्विजय सिंह भदोरिया जी श्री भानु सिंह भदोरिया शिवम भदोरिया श्री सूर्य प्रताप सिंह राजावत जी, एवं संगठन के वरिष्ठ और युवा पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा क्षत्रिय समाज की सेवा के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करते हुए संगठन का विस्तार हो रहा है और संगठन का उद्देश्य क्षत्रिय समाज में व्याप्त कुरीतियां को खत्म करना आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करवाना एवं एससी एसटी एक्ट में संशोधन करवाने के लिए संगठन हमेशा आवाज उठाता रहेगा वही जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कुंवर बृजभान सिंह तोमर जी ने संस्था के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करने का आश्वासन दिया। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष को बधाइयां और शुभकामनाएं दी।

# मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आमजनों से की चर्चा

**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी विभाग मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने रविवार को अधिकारियों के साथ किला चैक दतिया स्थित गृह विभाग बग्गीखाना की 7 हजार 930 वर्ग मीटर की 57.09 करोड़ की लागत के प्रस्तावित शासकीय निर्माण कार्यो के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजन से भी चर्चा कर सुझाव मांगे।

बग्गीखाना में इस दौरान म.प्र. गृह निर्माण मंडल के कमिश्नर श्री भरत यादव, कलेक्टर श्री संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर, म.प्र गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र वर्मा, उपायुक्त श्री एसके सुमन कार्यपालन यंत्री श्री एलएल मालवीय, सहायक यंत्री हेमंत कुमार गुरैया, श्री दौहरे सहित जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने किला चैक दतिया स्थित गृह विभाग बग्गीखाना की 7930

## पुर्नघनत्वीकरण योजना के तहत् 7930 वर्ग मीटर भूमि पर 57.09 करोड़ के होंगे कार्य



वर्ग मीटर भूमि पर पुर्नघनत्वीकरण योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना 57.09 करोड़ की है। योजना के तहत् प्रस्तावित निर्माण कार्यो के साथ किला चैक का सौन्दर्यीकरण भी करना है। उन्होंने कहा कि योजना का मूल भाव भूमि का सद्उपयोग हो। अधिकारी यहां आकर मौके का स्थल निरीक्षण कर सर्वे का कार्य करेंगे तोड़ा कुछ भी नहीं जायेगा।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत् प्रस्तावित निर्माण कार्यो में 40 एनजीओ (गृह विभाग के लिए) एवं 40 जीएडी पूल के आवासों का निर्माण किया जायेगा। योजना के तहत् पुलिस चैकी, नवीन एसडीओपी कार्यालय, डीएसपी अजाक्स कार्यालय, डीएसपी महिला प्रकोष्ठ कार्यालय, रक्षित निरीक्षक कार्यालय, ओडीटोरियम, इनडोर स्टेड़ियम एवं पीजी कॉलेज में सपोर्ट फेसीलिटी के साथ बस स्टैण्ड एवं अन्य निर्माण कार्य भी शामिल है।

गृह मंत्री ने पैदल चलकर किया निरीक्षण

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पुर्नघनत्वीकरण योजना में लिए जाने वाले कार्यो के लिए किला चैक से सिटी अस्पताल एवं गांधी पार्क, ठंड़ी सड़क, फुब्बारा तक मार्ग का निरीक्षण कर, बस स्टैण्ड़ नगर पालिका पार्किंग का भी स्थल निरीक्षण किया। जिससे किलाचैक, ठंड़ी सड़क होते हुए हाईवे से सीधा जुड़ जायेगा।

लोगों ने दिए सुझाव

पुर्नघनत्वीकरण योजना के दौरान बग्गीखाने में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए जिसमें पूर्व विधायक डॉ. आशाराम अहिरवार, पूर्व विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल, भाण्ड़ेर विधायक प्रतिनिधि डॉ. संतराम सिरौनिया, श्री योगेश सक्सैना, श्री पंकज शुक्ला, डॉ. सलीम कुरैशी, श्री विपिन गोस्वामी, श्री प्रशांत ढेंगुला, श्री दीपक बेलपत्री, श्री गिन्नी राजा परमार, श्री गुड्डी साहू आदि ने भी सुझाव दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित

## नैनो न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट जस्टिस माहेश्वरी ने स पत्नी अचलेश्वर महादेव का अभिषेक किया



**ग्वालियर।** जस्टिस माहेश्वरी सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के बाद पहली बार ग्वालियर आए और सर्व प्रथम अचलेश्वर मंदिर पहुँचे उन्होंने स पत्नी अचलेश्वर महादेव का अभिषेक किया जब वो ग्वालियर में एडवोकेट थे तब से अब तक उन्होंने प्रतिवर्ष एवं हर नियुक्ति पर अचलेश्वर महादेव पर अभिषेक किया।अचलेश्वर महादेव पर अटूट आस्था रखने वाले सभी धर्मों को सम्मान देने वाले जस्टिस माहेश्वरी एवं उनके परिवार की अचलनाथ में आस्था को पूरा शहर भलीभांति परचित है। उनके साथ न्यास के पूर्व सचिव एवं समाजसेवी राजीव चड्ढा, पूर्व सूचना सचिव महेन्द्र भदकारिया,अनिल पुनियानी आदि न्यास के श्रद्धालुओं ने अभिषेक का आनंद लिया।आचार्य गगन जी एवं आचार्य गौरव जी द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। पूरे शहर में उनके ग्वालियर प्रथम आगमन पर हर्षोल्लास के माहौल है। सर्वोच्च न्यायालय में पहुँचने वाले जस्टिस में ग्वालियर की ये तीसरी उपलब्धि है। ग्वालियर और जोरा के लिए ये गौरव का विषय है यहा की माटी के सपूत सुप्रीम कोर्ट में पहुँचे है।

### आत्महत्या को प्रेरित करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ( मध्य) हितिका वासल व नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा रवि भदौरिया के निर्देशन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टी आई आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा टीम ने आत्महत्या को प्रेरित करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए। घटना का संक्षिप्त विवरण -पवन शर्मा निवासी आगरा ने न्यू कॉलोनी नंबर 2 शिशुपाल पाल सिंह चौहान का किराये का मकान में दिनाँक 13/3/21 की रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक ने मरने से पूर्व अपने मोबाइल फोन में वीडियो बनाया जिसमें उसने अपने ससुर श्याम बाबू शर्मा , साढू राजेंद्र शर्मा, साढू राजू शर्मा व साली नैना शर्मा द्वारा लाखों रुपए उधार ले लिए व वापस नहीं कर रहे हैं तथा ब्लैकमेल कर रहे हैं इससे परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं । मृतक मोटर वाइंडिंग का काम करता था उसकी पत्नी रजनी मायके में विजयगढ़ रहती थी ।मर्ग जांच पर अपराध क्रमांक 129 / 21 धारा 306 ,34 आईपीसी पंजीबद्ध किया। श्याम बाबू शर्मा ग्राम थाना विजयगढ़ अलीगढ़ व राजेंद्र शर्मा को जय सिंह पुरा गोविंद नगर मथुरा से गिरफ्तार किया।शेष आरोपी राजू शर्मा निवासी दिल्ली व नैना शर्मा निवासी वृंदावन की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में -एसआई आनंद कुमार, एएसआई शैलेन्द्र सिंह चौहान व आरक्षक भानू प्रताप परिहार शामिल रहे ।

### राशन लेने आई महिला के साथ अभद्रता पड़ी भारी दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

**ग्वालियर।** राशन लेने आई महिला के साथ अभद्रता करना उचित मूल्य की दुकान के कर्मचारियों को भारी पड़ा है। फरियादी महिला की रिपोर्ट पर दो लोगों के खिलाफ पुलिस थाना गिरवाई में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना वीरपुर बांध क्षेत्र में नारद बाबा मंदिर के पास स्थित उचित मूल्य की दुकान की है। वीर पुर बांध क्षेत्र की निवासी श्रीमती नर्मदा कुशवाह नारद बाबा मंदिर के पास स्थित कंट्रोल की दुकान पर राशन लेने गई थीं। कंट्रोल की दुकान पर काम करने वाले महेश अग्रवाल और समीर खान ने उनके साथ अभद्रता की। इन दोनों के खिलाफ फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस थाना गिरवाई में एफआइआर दर्ज की गई है।

# शिक्षक दिवस पर महिला शिक्षकों का सम्मान

**ग्वालियर।** शिक्षक दिवस पर आजभारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत प्रांतीय प्रकल्प सयोंजक श्रीमती अलका कुशवाह के मुख्य आथित्य में 6 महिला शिक्षकों का सम्मान महाराज बाड़े पर 2 मिनिट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम मे राष्ट्रगान के सम्पन्न होने के बाद किया। इस कार्यक्रम में संजीवनी सुनील मराठा, अंजू चन्देल,पावनि दूदावत, शशि लक्षणे, सोनिया ढोढ़ी एवम डॉ रितु दास पवांर का सम्मान श्रीफल शॉल मोतियों की माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्थापक एवम प्रांतीय संस्कार प्रमुख संजय धवन अध्यक्ष गुलाब प्रजापति , उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल व सचिव प्रदीप लक्षणे के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम मातृशक्ति द्वारा आयोजित किया गया था इसमे मधु धवन, मधु धीमान, विम्मी सचदेवा, शशि लक्षणे,पुष्पा प्रजापति, शशि अग्रवाल, लता पवांर आदि ने विशेष सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। गिरिश अग्रवाल जी ने अपने सम्बोधन में गुरु की महिमा को बताते



हुए कहा कि हमारे देश मे माता पिता के बाद गुरु का सर्वोच्च स्थान होता है सभी सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं के सम्मान में आपने कहा कि जल जाता है वो दिए की तरह, कई जीवन रोशन कर जाता है। कुछ इसी तरह से हर गुरु, अपना फ़र्ज निभाता है। कार्यक्रम का प्रारंभ अध्यक्ष गुलाब प्रजापति के स्वागत भाषण से हुआ, अलका कुशवाह ने शाखा समर्पण के द्वारा किये जा रहे 2 मिनिट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रंशसा की व आज होने वाले शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने वाले सभी को बधाई दी है। संजय धवन ने संस्कृति सप्ताह में होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में संजय धवन , गुलाब प्रजापति ,गिरीश अग्रवाल , प्रदीप लक्षणे , महेश धीमान , विजेंद्र कुशवाह , सतीश राजोरिया ऋषभ कान्दू , कमल गुप्ता , रजत , नरेन्द्र शिवहरे , अंजलि बंसल, मधु धवन मधु धीमान, विम्मी सचदेवा ,पुष्पा प्रजापति , शशि अग्रवाल, शशि लक्षणे ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन गिरीश अग्रवाल के द्वारा किया गया । आभार प्रदर्शन प्रदीप लक्षणे ने किया। हर बार की तरह सभी सम्मानित होने वालों को एक एक पौधा सचिव प्रदीप लक्षणे के द्वारा दिया गया। इसके लिए आपको शाखा समर्पण व राष्ट्रगान परिवार कीतरफ से बहुत बहुत साधुवाद। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मधु धवन मधु धीमान विम्मी सचदेवा जी को शाखा समर्पण की और से बहुत बहुत बधाई।

### ससुराल पहुंचकर पति ने परिजन के साथ मिलकर सड़क पर पत्नी, ससुर और साले को पीटा

# 10 लाख के लिए बहू को पीटा: दहेज के लिए घर से निकाला

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बहोड़ापुर में दहेज के लिए घर के बाहर दंगल हो गया। अपने ससुराल पहुंचकर पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की बेल्ट से पिटाई शुरू कर दी। बेटी को बचाने आए पिता और भाई को भी पीटा। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग दमाद की लात-घूंसों से पिटाई करने लगे। दोनों तरफ से सड़क पर जमकर मारपीट हुई।

शनिवार को मारपीट का सामने आया है। इसमें एक युवक बेल्ट से किसी लड़की को पीट रहा है। फिर एक अधेड़ व्यक्ति और उसके बाद एक अन्य युवक भी लात-घूंसों से मारपीट कर रहा है। इसके बाद दूसरे पक्ष भी पहले पक्ष के लोगों की बेल्ट से पिटाई कर रहे हैं। जब वीडियो के बारे में पता लगा तो जानकारी मिली कि यह बहोड़ापुर थाना के कुशवाह मोहल्ला में 6 दिन पहले का है। इसमें





मामले स्त्रद्धक्र हो चुकी है। कुशवाह मोहल्ले में रहने वाले बल्लू कुशवाह की बेटी साधना कुशवाह की शादी 11 सितंबर 2020 में महाराजपुरा के गिरगांव के रहने वाले अमन कुशवाह के साथ हुई थी। कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक चलता रहा, लेकिन साधना को पति और ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पति और ससुराल वालों ने प्रताड़ना की हद तब कर दी जब उन्होंने दो महीने पहले 10 लाख रुपए न लाने के लिए महिला को घर से निकाल दिया।

**पत्नी भी गई, रुपए भी नहीं मिले तो किया हंगामा:** जब 10 लाख रुपए नहीं मिले और पत्नी भी वापस नहीं आई तो 6 दिन पहले अमन अपने भाई संदीप, मां कमला, बहन संजू के साथ पत्नी साधना के घर पहुंचा। यहां उन्होंने पत्नी और उसके पिता से विवाद करना शुरू कर दिया। अमन ने पत्नी को पीटने के लिए अपने कमर से बेल्ट निकाल लिया। इसके बाद पत्नी की पिटाई करने लगा। उधर, बेटी की पिटाई होती देख पिता दौड़कर आया तो पति के साथ आए परिजन ने बहू के पिता की पिटाई शुरू कर दी। भाई बचाने आया तो उसे भी पीटा।

**थोड़ी देर बाद महिला पक्ष करने लगा दामाद और उसके परिजन की पिटाई:** इसके बाद लड़की पक्ष ने भी आरोपी की जमकर धुनाई कर दी है। आसपास के लोगों ने जैसे ही पिता-पुत्री को पिटते हुए देखा तो वहां उन्हें बचाने के लिए आ गए। विवाद कर रहे दोनों पक्षों को शांत कराया। अपने साथ हुई इस घटना की शिकायत लेकर पिता-पुत्री एसपी ऑफिस जा पहुंचे। एडिशनल एसपी सतेन्द्र तोमर को अपने साथ हुई घटना की शिकायत की। एडिशनल एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी को फोन कर मामले को दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। फिलहाल, मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



### बजरंग भक्त मण्डल ने की इस सप्ताह 1300 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मण्डल द्वारा सप्ताह में दो बार की जाने वाली गौभोग सेवा के कम में मार्क हॉस्पिटल, गोला का मन्दिर स्थित गौशाला में दिनांक 01/09/21बुधवार एवं 05/09/21 रविचार को 1300 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की गई। मण्डल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि मण्डल 3 वर्षो से उक्त गौशाला में गौभोग सेवा करता आ रहा है, शुरूआत मे मण्डल द्वारा सदस्यों के सहयोग से सप्ताह में एक बार 500 किलो हरे चारे की सेवा की जाती थी किन्तु गौमाता के आर्शीवाद से मण्डल द्वार वर्तमान मे सप्ताह में दो बार एंव ज्यादा से ज्यादा मात्रा मे हरे चारे की सेवा का प्रयास किया जा रहा है।

# नहीं हो रही सफाई: डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लापरवाही



**ग्वालियर।** शहर के सभी 66 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सिस्टम लड़खड़ाया हुआ है। हर घर से कचरा कलेक्शन नहीं होने से सड़कों पर कचरा दिखाई दे रहा है। यही नहीं नगर निगम के उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान को एक दिन पहले (शुक्रवार) को जिस स्थान पर सफाई मित्र अनुपस्थित मिले थे, वहां भी शनिवार को कचरा नहीं उठा। सड़क किनारे कचरा पड़ा होने से लोगों का यहां से निकलना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि बारिश के कारण कचरे से दुर्गंध आ रही है।

उपायुक्त चौहान ने दूसरे दिन भी शहर के वार्ड 30 और 58 में निरीक्षण किया। यहां 20 कर्मचारी नदारद मिले। वार्ड 30 में एक नियमित, 7 विनियमित और 5 आउटसोर्स के कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे थे। वार्ड-58 में एक नियमित और 6 विनियमित कर्मचारी गैरहाजिर थे। इन सभी का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक राकेश भारती नहीं मिले। भारती को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

**रामदास घाटी-** यहां आदर्श कॉलोनी गेट-2 के सामने कचरे का ढेर लगा था। यहां रहने वाले कन्हैया का कहना है 4 दिन से कचरा गाड़ी नहीं आई।

**घोसीपुरा रेलवे स्टेशन के पास-** यहां रेल पटरी के किनारे एक डंपर कचरा पड़ा था। कॉलोनी में रहने वाले प्रयाग कुमार का कहना है कि कचरा गाड़ी 5 दिन से नहीं आ रही है।

**डीआरपी लाइन-** यहां बने सरकारी आवास में रहने वालों को मजबूरी में मुख्य द्वार पर ही कचरा डालना पड़ रहा है, क्योंकि गाड़ी नहीं पहुंचती है।

**मानसिक आरोग्यशाला के सामने-** विनयनगर को जेल रोड से जोड़ने वाली सड़क पर दो ट्रैक्टर ट्रॉली कचरा पड़ा था। लोगों का कहना है कचरा गाड़ी रोज नहीं आती है।

**शहीद सरमन सिंह और दुर्गा विहार कॉलोनी-** यहां कचरा गाड़ी कभी पहुंची ही नहीं। स्थानीय लोग घरों से निकला कचरा पास में बने तिकोनिया पार्क में डाल देते हैं।

**कार्रवाई के बाद भी सड़कों पर पड़ा रहा कचरा:** बहोड़ापुर चौराहे से कुछ दूरी पर रामाजी का पुरा और आदर्श मिल रोड है। यह वार्ड-1 में आता है। उपायुक्त को इन दोनों जगहों पर कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। शनिवार को भी इन दोनों जगहों पर सड़क पर ही कचरा पड़ा रहा। इसी तरह आनंदनगर वार्ड-5 में गली-मोहल्लों पर कचरा सड़कों पर रहता है।

# महिला कांग्रेस ने मंहगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ग्वालियर।** महिला कांग्रेस ने बढती मंहगाई के विरोध में शनिवार को इंदरगंज चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने इस अवसर पर चूल्हे पर रोटी भी सेंकी और चटनी के साथ वितरित भी की। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस वृद्धि के विरोध में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरना प्रदर्शन में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, इब्राहिम पठान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा , प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा , कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, इब्राहिम पठान, वीर सिंह तोमर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित, यूथ कांग्रेस



जिलाध्यक्ष हैवरन सिंह कंसाना ,प्रवक्ता आनंद शर्मा धर्मेंद्र शर्मा ,सिद्धार्थ सिंह राजावत ,आईटी अध्यक्ष तरुण यादव ,प्रदेश संगठन मंत्री यदुनाथ तोमर , सरवन राय ,उदल सिंह ,जे एस जाफरी, ब्लॉक अध्यक्ष अतुल जैन ,मुनेंद्र भदोरिया ,राजेश खान, मोनू जैन ,वार्ड अध्यक्ष कैलाश चावला , अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नाजिम खान , हमीद खान ,रसीद पहलवान,चेतन भार्गव ,सुनील गिदवानी ,राकेश कुशवाह, शब्बीर खान, अशोक शाक्य, साहिल शेख ,पूरन सिंह राणा, संजीव दीक्षित, दाताराम कुशवाह, मयंक दुबे ,महिला कांग्रेस में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रचना कुशवाह, प्रदेश सचिव निधि शर्मा ,वर्षा कुशवाह, मनोरमा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रानू शर्मा ,नसरीन ,हेमलता कुशवाह, चंदन शर्मा, अर्चना चतुर्वेदी ,ओम लता त्रिपाठी ,रेखा जाटव ,शशि मंडेलिया ,रचना अग्रवाल ,अनीता पाल ,कंचन कदम, नसरीन खान, गुंजा जाटव, बबली खटीक ,पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुनीता परिहार, शशि मंडे लिया ,गुड्डी परिहार, मीरा शाक्य, कमला गुर्जर एवं अन्य सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे।

## बीमा राशि पिछले साल की तरह लें: एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन



**ग्वालियर।** एम.पी.वर्किंग.जर्नलिष्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पत्रकार बीमा योजना में पत्रकारों के हिस्से को कम करने की मांग की है तथा पिछले साल की तरह इस साल भी पत्रकारों से प्रीमियम ली जाने की माँग रखी है । इसी संदर्भ में आज एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा व सह प्रदेश अध्यक्ष विनय अग्रवाल के निर्देश पर न्यू गेस्ट हाउस ग्वालियर में संपन्न हुई। बैठक मे यूनियन पदाधिकारियों की एक राय थी कि हर वर्ष बीमा कम्पनी प्रीमियम में भी बेतहाशा वृद्धि कर देती है। कोरोनाकाल में आर्थिक बोझ दुष्कर हो रहा है इसलिये जनसम्पर्क विभाग जो कि वर्तमान में मुख्यमंत्री के पास ही है उन्हें तत्काल राहत की घोषणा करना चाहिये। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष की भांति ही पत्रकारों से राशि लें और शेष राशि सरकार स्वयं वहन करें । एम.पी.वर्किंग.जर्नलिस्ट यूनियन ने उक्ताशय में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मीडिया टीम से भी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को विभाग के अधिकारियों ने बताया होगा कि कोरोना काल में समाचार पत्र मालिकों ने वेतन में कटौती कर दी और स्टाफ भी कम कर दिया। वहीं लगभग सभी समाचार पत्र दूर दराज के क्षेत्रों में वितरण के साधन नहीं होने से भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है ।

**पत्रकारों की बैडमिंटन स्पर्धा होगी:** एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की साधारण सभा की एक बैठक आज न्यू सर्किट हाउस पर संपन्न हुई। बैठक में जहां संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये कार्य करने का निर्णय लिया वहीं विगत कई दिनों से कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहे पत्रकारों को खेल स्पर्धा की तरफ आकर्षित करने बैडमिंटन स्पर्धा सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इतना ही नहीं बैठक में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिये पौध रोपण कार्यक्रम भी आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

# बीजेपी ऑफिस में हुई कार्यशाला में पोस्टर से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह के फोटो गायब

**ग्वालियर.** ग्वालियर BJP में गुटबाजी अब खुलकर सामने आने लगी है। एक दिन पहले भाजपा मुख्यालय मुखर्जी भवन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक की कार्यशाला में लगे बैनर को लेकर अब सोशल मीडिया पर धमाल मचा हुआ है। बैनर पर प्रधानमंत्री, BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के साथ-साथ स्थानीय सांसद व जिलाध्यक्ष तक के फोटो थे, लेकिन शहर के दो बड़े नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व नरेन्द्र सिंह तोमर के फोटो नहीं थे। इसको लेकर BJP के हेमू कालानी मंडल के महामंत्री गोपाल झा ने सोशल मीडिया के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हमेशा संगठन के लिए काम करने वाले नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश में भाजपा की सरकार लौटाने वाले सिंधिया की अनदेखी करने को प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया है। पर इस सभी के बीच जिले में भाजपा का तीसरा गुट भी बनता दिख



रहा है। इस पर BJP जिलाध्यक्ष का कहना है कि कार्यक्रम के लिए प्रदेश स्तर से ही पोस्टर आया था। जिसमें स्थानीय स्तर पर सांसद और जिलाध्यक्ष के फोटो जोड़े जाते हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं है।

ग्वालियर के भाजपा मुख्यालय मुखर्जी भवन में बीते दो दिन में दो कार्यक्रम हुए हैं। दोनों ही कार्यक्रम में भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने दिख रही है। अभी आम धारणा थी कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के BJP में प्रवेश के अंचल में भाजपा दो भागों में बंट गई है। एक सिंधिया और दूसरा नरेंद्र सिंह तोमर गुट। पर अभी हाल ही में भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक के दो अलग-अलग कार्यक्रम में इन दोनों ही नेताओं की अनदेखी की गई है। साथ ही ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर का गुट भी सामने आया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ग्वालियर प्रभारी जीतू जिराती भी शामिल हुए थे। भाजपा की इस गुटबाजी



पर सोशल मीडिया में उनके ही नेता व हेमू कालानी मंडल के महामंत्री गोपाल झा गुरू ने सवाल खड़े किए हैं।

**केन्द्रीय मंत्री के फोटो न लगाकर प्रोटोकॉल तोड़ा गया:** भाजपा नेता गोपाल झा ने अपना एक वीडियो जारी कर सवाल खड़े किए हैं कि क्यों दो-दो केंद्रीय मंत्री के फोटो पार्टी के बैनर पर नहीं हैं। क्या इस बैनर पर दोनों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर का नाम नहीं आना चाहिए था। ऐसा करके प्रोटोकॉल तोड़ा गया है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि आगे से प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए।

**यह है पूरा मामला:** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक की कार्यशाला में एक बैनर लगाया गया था। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती के अलावा ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी तक के फोटो थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478